TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित
पटना
वर्ष: 25 अंक 47
बुधवार 3 जून, 2026
तापमान अधिकतम 37°C न्यूनतम 29°C
मूल्य 3 रुपए
पृष्ठ-8
www.tarunmitra.in

## रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला, कीव-नीप्रो में तबाही



- मिसाइल और ड्रोन हमलों में 10 मौतें, 100 से ज्यादा घायल हुए

**कीव, 02 जून।** रूस ने सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिससे राजधानी कीव समेत कई शहरों में भारी तबाही मच गई। अधिकारियों के अनुसार इन हमलों में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में चार लोग राजधानी कीव और छह लोग मध्य यूक्रेन के प्रमुख शहर नीप्रो के बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

यूक्रेनी प्रशासन के मुताबिक रूस ने बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोन का एक साथ इस्तेमाल करते हुए कई स्थानों को निशाना बनाया। राजधानी कीव में देर रात लगातार कई धमाकों की आवाज सुनाई दी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हमलों के कारण कई रिहायशी और व्यावसायिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। अनेक स्थानों पर आग लग गई और दर्जनों वाहन जलकर नष्ट हो गए।

कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने इसे हाल के महीनों के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि पोडिल्स्की जिले की एक बहुमंजिला इमारत के मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। राहत एवं बचाव दल लगातार मलबा हटाने और लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटे हुए हैं। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख टिमुर तकाचेंको ने भी पुष्टि की कि कई स्थानों पर बचाव अभियान जारी है। कीव क्षेत्र के गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि रूस ने पूरी रात ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे। उनके अनुसार शांत कस्बों और गांवों को भी निशाना बनाया गया, जिससे नागरिक क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है।

# सौतेले भाइयों की हत्या में छह को आजीवन कारावास

## 25-25 हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर दोषियों को एक साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी




**पूर्वी चंपारण, 02 जून (हि.स.)।** संपत्ति विवाद में दो सौतेले भाइयों की निर्मम हत्या के चर्चित मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र नारायण सिंह ने मुख्य आरोपी सौतेले भाई समेत कुल छह नामजद अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत ने आदेश में स्पष्ट किया कि जुर्माना न देने पर दोषियों को एक साल अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

वसूल की गई अर्थदंड की राशि मृतक भाइयों की मां और सूचिका गोदावरी देवी को दी जाएगी। न्यायाधीश ने गोदावरी देवी को पीड़ित घोषित करते हुए बिहार पीड़ित प्रतिकर क्षतिपूर्ति योजना के तहत मुआवजा दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश की प्रति भेजने का निर्देश भी दिया है। सजा पाने वालों में घोड़ासहन थाना के जगीराहां कोठी निवासी स्व. बासुदेव राय के पुत्र जयसी लाल राय, शिवमंगल राय के पुत्र विजय राय, स्व. रामवरण राय के पुत्र शिवपूजन राय व लालबाबू राय, स्व. सूरज राय के पुत्र शिवपूजन राय और आदापुर थाना के कचूरबारी निवासी रामचंद्र प्रसाद के पुत्र गोपाल प्रसाद शामिल हैं। मामला 4 जुलाई 2017 की रात का है। घोड़ासहन थाना के जगीराहां निवासी स्व. बासदेव राय की विधवा गोदावरी देवी ने घोड़ासहन थाना कांड संख्या 355/2017 दर्ज कराया था। प्राथमिकी में बताया कि वे अपने पति की दूसरी पत्नी थीं। पहली पत्नी से सौतेला पुत्र जयसी राय था। जयसी अपने सौतेले भाइयों रोश कुमार और सोनू कुमार से द्वेष रखता था। घटना की रात करीब 8:30 बजे रोश और सोनू दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे।

बथान के पास पहुंचते ही नामजद लोगों ने दोनों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर बाइक रोक दी। इसके बाद माथे में गोली मारकर और धारदार हथियार से हमला कर दोनों की मौके पर ही हत्या कर दी गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि चल-अचल संपत्ति के विवाद में हत्या की गई थी सत्रवाद संख्या 1173/2017 की सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक ईश्वरचंद्र दूबे ने सात गवाह पेश किए। न्यायाधीश ने 29 मई को ही सभी को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया था।

सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद धारा 302, 147, 148 भादवि के तहत सभी छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### खाई में गिरी कार, तीन श्रद्धालुओं की मौत, एक गंभीर

**देवप्रयाग (उत्तराखंड), 02 जून।** उत्तराखंड के देवप्रयाग क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना उस समय हुई जब राजस्थान से हरिद्वार की ओर जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। वाहन में चालक सहित कई लोग सवार थे, जो राजस्थान के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, राजस्व विभाग और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

### इजरायल-लेबनान संघर्ष पर जयराम रमेश ने मोदी सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, 02 जून।** कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने इजरायल-लेबनान संघर्ष को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और लेबनान पर इजरायली हमलों के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में जयराम रमेश ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी वार्ता क्षेत्र में शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि इस समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य में हालात सामान्य हो सकते हैं और वैश्विक तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, जिससे भारत को भी लाभ मिलेगा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण अमेरिका-ईरान वार्ता प्रभावित हुई है।

### एलपीजी सिलेंडर धमाके से ढही इमारत, छह घायल

**नई दिल्ली, 02 जून।** राजधानी दिल्ली के भलस्वा डेरी थाना क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर इलाके में मंगलवार सुबह एलपीजी सिलेंडर विस्फोट के बाद एक इमारत भरभराकर गिर गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए तथा मलबे में दबे लोगों को निकालने का अभियान शुरू कर दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार सुबह करीब 9:37 बजे इमारत गिरने और विस्फोट जैसी तेज आवाज सुनाई देने की सूचना मिली थी। इसके बाद तत्काल पांच दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया।

### इबोला संकट में अफ्रीका के साथ खड़ा भारत, भेजी दूसरी सहायता खेप

**नई दिल्ली, 02 जून।** इबोला प्रकोप से जूझ रहे अफ्रीकी देशों की मदद के लिए भारत ने चिकित्सा सहायता की दूसरी खेप रवाना की है। 43 टन की इस खेप में सुरक्षा उपकरण, जांच एवं निगरानी उपकरण, दवाइयां और पोषण संबंधी सप्लीमेंट शामिल हैं। इसका उद्देश्य अफ्रीका की सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करना और इबोला से निपटने की क्षमता बढ़ाना है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि भारत अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) के साथ मिलकर इबोला संकट से निपटने के प्रयासों में सहयोग कर रहा है।

## बिजली उपभोक्ताओं को राहत 10% अतिरिक्त वसूली पर रोक

### नियामक आयोग ने फ्यूल सरचार्ज को नियम विरुद्ध मानकर मांगा जवाब

**लखनऊ, 02 जून।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) ने पावर कॉरपोरेशन द्वारा बिजली बिलों में 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) जोड़ने की प्रक्रिया पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे प्रथम दृष्टया नियमों के विपरीत माना है।

आयोग ने इस मामले में पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर विस्तृत जवाब तलब किया है। दरअसल, पावर कॉरपोरेशन ने मार्च 2026 की बिजली खरीद लागत के आधार पर जून माह के बिजली बिलों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज वसूलने की तैयारी की थी।

इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने वाला था।

मामले को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग के समक्ष लोक महत्व प्रस्ताव प्रस्तुत किया और आरोप लगाया कि कॉरपोरेशन ने मार्च माह की वास्तविक बिजली खरीद लागत के अलावा करीब 1,400 करोड़ रुपये की पुरानी देनदारियों और बकाया दावों को भी फ्यूल सरचार्ज की गणना में शामिल कर लिया है। सुनवाई के दौरान आयोग ने इस पर गंभीर आपत्ति जताई।

# धरने से गरजीं ममता-भाजपा को हटाकर ही दम लेंगे

### हमला



- गुटबाजी की अटकलों के बीच शक्ति प्रदर्शन, कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश
- टीएमसी तोड़ने की साजिश का लगाया आरोप, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**कोलकाता, 02 जून।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में बढ़ती सियासी तल्खी के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता के धर्मतला स्थित वाई चैनल में आयोजित तृणमूल कांग्रेस के धरना कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तीखा हमला बोला। चुनाव बाद हिंसा और विपक्षी नेताओं को कथित रूप से निशाना बनाए जाने के मुद्दे पर आयोजित इस धरने को राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह ऐसे समय में हुआ है जब पार्टी के भीतर असंतोष और गुटबाजी की चर्चाएं तेज हैं।

धरना मंच से ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि दिल्ली के इशारे पर तृणमूल कांग्रेस को कमजोर करने और उसके जनप्रतिनिधियों को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद से लगातार उनकी पार्टी को घेरने की कोशिशें हो रही हैं, लेकिन तृणमूल लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रखेगी। अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि जब तक वह जीवित हैं, तब तक भाजपा के खिलाफ राजनीतिक संघर्ष जारी रहेगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। 'जय बांग्ला' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। ममता बनर्जी को संबोधन के दौरान कई बार नारेबाजी के कारण रुकना पड़ा। बाद में उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी क्रमवार कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पहले से ही राजनीतिक विवाद बना हुआ था।

तृणमूल कांग्रेस ने शुरूआत में रानी रासमणि एवेन्यू में धरना देने की घोषणा की थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के बाद कार्यक्रम को वाई चैनल स्थानांतरित किया गया। इसे लेकर पार्टी नेताओं ने प्रशासन पर विपक्षी आवाज दबाने का आरोप लगाया था। विधायक कुणाल घोष और सांसद कल्याण बनर्जी ने अनुमति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों में बाधा बताया था। धरना कार्यक्रम में शोभनदेव चट्टोपाध्याय, चंद्रिमा भट्टाचार्य, फिरहाद हाकिम, नयना बंद्योपाध्याय और अशोक देव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## प्रतिभा को केवल अवसर व मार्गदर्शन की जरूरत: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 02 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'जनजातीय गरिमा उत्सव' के अंतर्गत आयोजित 'नव भारत में बिरसा की जीवंत विरासत सप्ताह' के दौरान छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

आवश्यकता केवल उसे खोजने, तराशने तथा उचित मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने की है। यदि सही अवसर मिलें तो गांवों, दूरदराज के क्षेत्रों और जनजातीय अंचलों के युवा भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। राष्ट्रपति ने जनजातीय युवाओं का आह्वान किया कि वे भगवान बिरसा मुंडा की विरासत से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# रक्षा नेतृत्व में होगा बड़ा बदलाव, सालभर में बदलेंगे सभी शीर्ष चेहरे

### मुलाकात



- 'कर्तव्य भवन' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले नए सीडीएस और नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली, 02 जून।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और नौसेना प्रमुख बदलने के बाद इस साल के अंत तक भारतीय सशस्त्र बलों का शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह बदल जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मंगलवार को 'कर्तव्य भवन' में देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने मुलाकात की।

दोनों ही अधिकारियों ने 31 मई को अपने-अपने पद संभाले हैं। देश के तीसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के तौर पर कार्यभार संभालने वाले जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा कि सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा। इसी तरह नए नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा, 'मैं अपनी जिन्दगी का हर एक दिन नौसेना को बेहतर, मजबूत, तेज और ज्यादा असरदार बनाने में लगाऊंगा, ताकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास के हितों की सेवा कर सके।

## सीजेआई ने पांच नए जजों को दिलाई शपथ

**नई दिल्ली, 02 जून।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के पांच नए जजों को पद की शपथ दिलाई। जस्टिस शील नागू, श्री चंद्रशेखर, संजीव सचदेवा, अरुण पल्ली, और साथ ही वरिष्ठ वकील वी. मोहना ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार द्वारा उनकी नियुक्तियों को मंजूरी दिए जाने के बाद सर्वोच्च न्यायालय के जज के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 37 हो गई है।

22 मई और 27 मई को हुई बैठकों में कॉलेजियम की सिफारिशों पर केंद्र सरकार ने सोमवार को चार हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और वरिष्ठ वकील मोहना को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत करने की मंजूरी दी। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) से सलाह-मशविरा करने के बाद, जस्टिस शील नागू, जस्टिस श्री चंद्रशेखर, जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस अरुण पल्ली, और साथ ही वरिष्ठ वकील वी. मोहना को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया है।

## पूर्णिया एयरपोर्ट तक फोरलेन सड़क की मांग, पप्पू यादव ने गडकरी को सौंपा ज्ञापन



**पूर्णिया, 02 जून।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर कोसी-सीमांचल क्षेत्र की लंबित सड़क एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

सांसद ने एनएच-31 के जीरो माइल (गुलाबबाग) से पूर्णिया एयरपोर्ट तक सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा फोरलेन संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग करते हुए कहा कि यह परियोजना पूरे सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एयरपोर्ट तक बेहतर सड़क संपर्क नहीं होने के कारण यात्रियों, व्यापारियों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव से जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। सांसद ने कहा कि प्रस्तावित फोरलेन सड़क बनने से पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और सुपौल सहित पूरे कोसी-सीमांचल क्षेत्र के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने बेलौरी-मंशैली-कदवा-बारसोई-हरिश्चंद्रपुर मार्ग तथा बनमनखी-चंपानगर-श्रीनगर-जलालगढ़-अमौर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने की मांग दोहराई।

## कर्नाटक के नए सीएम के रूप में आज शपथ लेंगे डी.के. शिवकुमार

**बेंगलुरु, 02 जून।** कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। राज्य के मनोनीत मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार बुधवार (3 जून) को बेंगलुरु स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल थावर चंद गहलोत उन्हें शाम 4:05 बजे शपथ दिलाएंगे। इस बहुप्रतीक्षित समारोह को लेकर राजधानी में व्यापक तैयारियां की गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिपरिषद के कुछ सदस्य भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ले सकते हैं। समारोह में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी रहने की संभावना है।

### वीजा विस्तार से लेकर नागरिकता और अपील तक नई व्यवस्था लागू

# भारत में विदेशियों के लिए बदले रहने के नियम

**रमेश चंद्र**

### संशोधन

- 180 दिन पूरे होने से पहले कराना होगा अनिवार्य पंजीकरण
- भारतीय माता-पिता वाले बच्चों को नियमों में विशेष राहत

**नई दिल्ली, 02 जून।** भारत में आने वाले विदेशी नागरिकों के लिए नियमों का ढांचा अब पहले से अधिक स्पष्ट, डिजिटल और जवाबदेह बनने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आप्रवास और विदेशियों से संबंधित नियमों में व्यापक संशोधन करते हुए ऐसी व्यवस्थाएं लागू की हैं, जिनका सीधा असर लंबे समय तक भारत में रहने वाले विदेशियों, उनके परिवारों और उनसे जुड़े संस्थानों पर पड़ेगा।

एक जून से प्रभावी किए गए नए प्रावधानों का उद्देश्य न केवल विदेशी नागरिकों की निगरानी व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाना है, बल्कि नागरिकता, पंजीकरण और अपील से जुड़े मामलों में लंबे समय से मौजूद व्यावहारिक कठिनाइयों को भी दूर करना है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव विदेशी नागरिकों के पंजीकरण से जुड़ा है।

अब ऐसे विदेशी, जो 180 दिनों तक के वीजा पर भारत आए हैं और अपना प्रवास आगे बढ़ाना चाहते हैं, उन्हें वीजा अवधि समाप्त होने से पहले ही पंजीकरण कराना होगा। पहले व्यवस्था यह थी कि 180 दिन पूरे होने के बाद 14 दिनों के भीतर पंजीकरण कराया जा सकता था, लेकिन नए नियम इस प्रक्रिया को अग्रिम और अधिक अनुशासित बनाते हैं। सरकार का मानना है कि समय रहते पंजीकरण होने से विदेशी नागरिकों के रिकॉर्ड का बेहतर प्रबंधन संभव होगा और सुरक्षा संबंधी निगरानी भी अधिक प्रभावी बनेगी।

संशोधित नियमों में यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद पंजीकरण केवल असाधारण अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में ही स्वीकार किया जाएगा। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार विलंबित पंजीकरण को सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा नहीं मानना चाहती और समयसीमा के पालन को लेकर सख्त रुख अपना रही है। नागरिकता से जुड़े मामलों में भी महत्वपूर्ण राहत दी गई है।

विशेष रूप से उन बच्चों के लिए, जिनके माता-पिता में एक भारतीय और दूसरा विदेशी नागरिक है, नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाया गया है।

## सीबीएसई मूल्यांकन विवाद पर हाईकोर्ट पहुंची एनएसयूआई

**नई दिल्ली, 02 जून।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं परीक्षा के मूल्यांकन में कथित अनियमितताओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। संगठन ने बोर्ड द्वारा लागू किए गए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम में तकनीकी और प्रशासनिक खामियों का आरोप लगाते हुए छात्रों के हित में न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में दायर याचिका में कहा गया है कि देशभर से बड़ी संख्या में छात्रों ने मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर शिकायतें दर्ज कराई हैं। इन शिकायतों में उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग में त्रुटियां, उत्तर पुस्तिकाओं का आपस में मिसमैच होना, पोर्टल की तकनीकी खराबियां, मूल्यांकन में गड़बड़ियां, बार-बार सिस्टम फेल होना तथा फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रभावी व्यवस्था का अभाव जैसी समस्याएं शामिल हैं। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा संचालन और मूल्यांकन से जुड़ी तकनीकी व प्रशासनिक विफलताओं का खामियाजा छात्रों को नहीं भुगतना चाहिए। संगठन का दावा है कि यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित होने के बाद 1.29 लाख से अधिक छात्रों ने वेरिफिकेशन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है। वहीं लगभग 1.11 लाख छात्रों को परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है।

# 36 पंचायत व 12 वार्डों में सहयोग शिविर का हुआ आयोजन

## जीविका समूह के लाभुकों को मिला 5 करोड़ की ऋण राशि का चेक

**दरभंगा, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत शिशो पश्चिम पंचायत और शाहबाजपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शिशो पश्चिम का शुभारंभ नगर विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं जिलाधिकारी कौशल कुमार ने संयुक्त रुप से किया।

इस अवसर पर नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जाता है। आज दरभंगा जिले में 48 स्थानों पर सहयोग शिविर आयोजित किये गए हैं। सहयोग शिविर का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।



शिविर में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाता है तथा अधिकतर मामलों का समाधान 30 दिनों के अंदर सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। पंचायत सरकार भवन में लाभुकों को मृत्यु प्रमाण पत्र, टीडीएस कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, दिव्यांगों के लिए 8 ट्राई साइकिल आदि का वितरण किया गया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया कि वे अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर सहयोग शिविर में आए आवेदन जमा करें तथा पंजी में उसका अंकन कराएं ताकि समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान जीविका स्वयं सहायता समूहों के लाभुकों को 5 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि का चेक तथा छह दिव्यांगजनों को मोटर ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सहयोग शिविर आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में आवेदन करें ताकि संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कारवाई की जा सके।जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि जिले में 36 पंचायतों एवं 12 नगर निकाय क्षेत्रों सहित कुल 48 स्थानों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया है।

पूर्व में आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन संबंधित विभागों द्वारा लगातार किया जा रहा है। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर लगातार निवारण किया जा रहा है। प्रथम सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों में 70% से अधिक का निवारण कर दिया गया है। मौके पर एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, स्थानीय पंचायत के मुखिया,जनप्रतिनिधिगण तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# मद्य निषेध टीम की कार्रवाई, महिला समेत पांच शराब तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले में शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्य निषेध विभाग की टीम ने जिला पुलिस के सहयोग से व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई छापेमारी के दौरान एक महिला समेत पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान विदेशी शराब, बीयर और अवैध चुलाई शराब की खेप बरामद की गई, जबकि तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक और एक स्कूटी भी जब्त की गई है।

मद्य निषेध विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली कार्रवाई आजमनगर थाना क्षेत्र के पनिघटा गांव में की गई। यहां घेराबंदी कर सिदेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसकी मोटरसाइकिल से 35.110 लीटर विदेशी शराब एवं बीयर बरामद की गई। वहीं बलरामपुर थाना क्षेत्र के उफरैल में की गई छापेमारी के दौरान स्कूटी सवार विक्रम कुमार और सुबोध कुमार को 1.500 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से स्कूटी भी जब्त कर ली।

विदेशी शराब के अलावा अवैध चुलाई शराब के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। कोढ़ा थाना क्षेत्र के चेवारिया गांव से राहुल कुमार को 4 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मनिहारी थाना क्षेत्र के बौलिया बांध इलाके में छापेमारी कर सुकुमारिया देवी को 2 लीटर चुलाई शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया।

मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शराब तस्करों और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ जिलेभर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। गिरफ्तार सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने आम लोगों से भी अवैध शराब के कारोबार की सूचना प्रशासन को देने की अपील की है, ताकि जिले में शराबबंदी कानून को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# सहयोग शिविर में 85 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन, आपदा एडीएम ने किया निरीक्षण

**कुरसेला, कटिहार, 02 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र की जरलाही पंचायत स्थित मधेली पंचायत भवन में मंगलवार को बिहार सरकार के निर्देशानुसार आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण आपदा अपर समाहर्ता (एडीएम) धनंजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी प्रियम्वदा तथा अंचलाधिकारी अनुपम कुमार ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान आपदा एडीएम धनंजय कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों की सुनवाई कर यथासंभव मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया जा रहा है, ताकि लोगों को कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। शिविर में सोमवार तक कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए थे। विभागवार प्राप्त आवेदनों में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के 11, ग्रामीण विकास विभाग के 20, जीविका के 5, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के 15, श्रम संसाधन विभाग के 2, समाज कल्याण विभाग के 5, समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के 4, सांख्यिकी विभाग के 9 तथा स्वास्थ्य विभाग के 10 आवेदन शामिल थे। मंगलवार को विभिन्न विभागों से संबंधित 4 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिससे कुल आवेदनों की संख्या बढ़कर 85 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सभी 85 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन अधिकतम 30 दिनों के भीतर किया जाए। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता बरतने पर विशेष जोर दिया।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

## किसान महासभा द्वारा मब्बी में 6 को किसान कन्वेंशन का निर्णय

**दरभंगा, 02 जून (तरुणमित्र)।** अखिल भारतीय किसान महासभा के दरभंगा जिला परिषद की बैठक बांध बस्ती के सामुदायिक भवन में कॉमरेड शिवन यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें माधोपुर बसतवाड़ा की मुखिया सिकंदरी देवी ( चर्चित किसान नेता दिवंगत कॉमरेड रामाशीष साह की पत्नी व का. रामबाबू साह की मां) को श्रद्धांजलि दिया गया। उसके बाद किसान महासभा का सदस्यता अभियान, प्रखंड जिला सम्मेलन व टॉउनशिप को विकसित करने के नाम पर किसानों की जमीन छीनने की सरकारी साजिश के खिलाफ चिन्हित गांवों में अभियान चलाने, जन प्रतिरोध खड़ा करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में 6 जून को 12 बजे दिन से मब्बी यात्री शेड (मब्बी पुल) के नीचे किसान कंवेशन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सह सचिव अभिषेक कुमार, जिला सचिव धर्मेश यादव, जिला उपाध्यक्ष केशरी कुमार, शिवन यादव, सूर्य नारायण शर्मा, कोमल कांत यादव, जय नारायण यादव, गोविन्द यादव, पवन यादव, भाकपा (माले) जिला कमिटी सदस्य अमित कुमार पासवान आदि मौजूद थे।

# शराब तस्करी मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**कोलासी, कटिहार, 02 जून (तरुणमित्र)।** रौतारा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत दर्ज एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब तस्करी के आरोप में वांछित अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कपिल मिस्त्री (40 वर्ष), पिता स्वर्गीय बाबूलाल मिस्त्री, निवासी शेख टोला विनोदपुर, थाना रौतारा, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रौतारा थाना कांड संख्या 76/26 में उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज है। शराब के अवैध कारोबार से जुड़े इस मामले में वह पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त के घर पर छापेमारी की गई, जहां से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के लिए कटिहार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

रौतारा थाना पुलिस ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि शराब के अवैध निर्माण, बिक्री अथवा तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस की ओर से लगातार छापेमारी और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नन्हे हाथों ने संवारा पर्यावरण : सिल्वर बेल्स स्कूल में रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किया वृक्षारोपण

**कटिहार, 02 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार रेल मंडल के साहबपारा स्थित 'सिल्वर बेल्स प्राइमरी स्कूल' में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह स्कूल रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की अध्यक्षा और डीआरएम मैडम निवेदिता नरह ने किया। इस विशेष अभियान के तहत रेलवे महिला समिति द्वारा स्कूल परिसर में 50 से अधिक ऑनामेंटल (शोभायमान) पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम की सबसे खूबसूरत झलक तब देखने को मिली जब प्ले वर्ग वो अन्य वर्ग के छोटे-छोटे बच्चों ने भी मिट्टी में अपने नन्हे हाथ से पौधे लगाए। बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि भविष्य में उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। कटिहार रेलमंडल की रेल महिला समिति अध्यक्षा सह डीआरएम मैडम निवेदिता नरह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। आज बच्चों को इस अभियान से जोड़ने का मुख्य उद्देश्य उनमें बचपन से ही प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जगाना है। ये नन्हे पौधे बच्चों की तरह ही बड़े होकर इस परिसर को महकाएंगे। वृक्षारोपण के इस पुनीत कार्य में रेलवे महिला समिति की पूरी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संगठन की सचिव मंजरी पाल, कोषाध्यक्ष शिल्पी मंडल, संयुक्त सचिव सुधा कुमारी और स्कूल प्रभारी अंजना रावत मुख्य रूप से उपस्थित थीं। इनके अलावा संगठन की सम्मानित सदस्याओं में मोनालिसा चुतिया, मधु मालती, आभा सिंह, ज्योति झा, प्रियंका कुमारी, शुभागत और स्कूल की प्राचार्या रीता चौधरी सहित रेलवे महिला समिति की कई अन्य महिलाओं ने भी इस हरित अभियान को सफल बनाने में न सिर्फ अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया बल्कि सभी ने मिलकर अलग अलग पोधे भी विद्यालय में लगाए।



### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आज होगा पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**दरभंगा, 02 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 3 जून को लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित पर्यावरण दिवस कार्यक्रम की सफलता एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में पार्टी के जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, कार्यकताओं की जिम्मेदारियों तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री रामचंद्र प्रसाद उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में मंत्री मदन सहनी, सांसद डॉ. अशोक यादव, सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, प्रो. विनय चौधरी, ईश्वर मंडल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला भर के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### जिले में कुल 670 प्याऊ संचालित पाए गए

**गया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए आमजन को राहत प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। 2 जून 2026 तक जिले में कुल 670 प्याऊ संचालित पाए गए, जहां लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 91 टैंकर लगाए गए हैं।डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं की सतत निगरानी एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### आईजी ने चोरी की घटना का एसआईटी का गठन

**गया, 02 जून (तरुणमित्र)।** औरंगाबाद जिला के दाऊदनगर थाना अंतर्गत बेलाढी ग्राम में 13 मई को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी।इस सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में दाऊदनगर थाना कांड संख्या-307/26 दर्ज किया गया है।घटना को गंभीरता से लेते हुए आईजी विकाश वैभव द्वारा घटना के सफल उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया है जिसका नेतृत्व डीएसपी, दाऊदनगर कर रहे हैं।

### वर्चुअल माध्यम से बोधगया कॉरिडोर परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई

**गया, 02 जून (तरुणमित्र)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया जिला अतिथि गृह सभागार में वर्चुअल माध्यम से बोधगया कॉरिडोर परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की।बैठक में परियोजना के विभिन्न घटकों, तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के विस्तार तथा बोधगया को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बोधगया कॉरिडोर परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1163 करोड़ रुपये है।इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य महाबोधि मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित कर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।उन्होंने कहा कि महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों में बोधगया में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पताल की स्थापना, आधुनिक विजिटर सेंटर का निर्माण, तीर्थयात्रियों के लिए समुचित पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षित पैदल पथ, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, ध्यान पथ, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम शेड तथा प्रमुख बौद्ध स्थलों के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं।इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बोधगया से विष्णुपद मंदिर होते हुए चाकंद तक फ्लाईओवर निर्माण की संभावनाओं पर विशेष रूप से कार्य किया जाए, जिससे बोधगया और गया शहर के बीच यातायात व्यवस्था सुगम हो तथा तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीएम

**गया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, अवैध अतिक्रमण एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण हेतु एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वोच्च न्यायालय एवं परिवहन विभाग के निर्देशों के आलोक में ये प्रमुख निर्णय लिए गए। जिसमें 60 दिनों का अल्टीमेटमः राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित सभी नई और पुरानी अवैध संरचनाओं को अगले 60 दिनों के भीतर हटाने/ध्वस्तीकरण का सख्त निर्देश दिया गया।सड़क सुरक्षा की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए संयुक्त समर्पित राजमार्ग निगरानी दल का गठन किया गया, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगा। अवैध पार्किंग, अनाधिकृत प्रवेश/निकास मार्गों और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है।टास्क फोर्स हर पखवाड़े समीक्षा बैठक करेगी और सड़क सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।डीएम ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने (1) जीटी रोड जो बाराचट्टी डोभी शेरघाटी से आमस तक सड़क के लिए टास्क फोर्स टीम गठन किया है।पटना गया डोभी नेशनल हाईवे के लिए टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया है।गया टिकारी कोच दाउदनगर औरंगाबाद सड़क के लिए टास्क फोर्स टीम गठन किया गया है।गया नगर मानपुर वजीरगंज हिसुआ सड़क के लिए टास्क फोर्स टीम गठन किया गया है।

नवनिमार्णाधीन अमस दरभंगा एक्सप्रेसवे सड़क के लिए ट्रांसपोर्ट का टीम गठन किया गया है।उपरोक्त सभी प्रमुख सड़कों के लिए बनाए गए टास्क फोर्स टीम को निर्देश दिए हैं कि अपने अपने सड़कों का भौतिक निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही सड़क के किनारे स्थाई एवं अस्थाई संरचनाओं, झोपड़ी, ठेला खोमचा इत्यादि को नोटिस निर्गत करेंगे साथ ही सर्विस रोड के किनारे लगने वाले अतिक्रमण, नाला के ऊपर लगने वाले अतिक्रमण, सड़क के ड्रेनेज सिस्टम पर लगने वाले अतिक्रमण इत्यादि का जांच करेंगे एवं नोटिस निर्गत करते हुए अतिक्रमण हटाएंगे।

## पूरा गांव में 8 युवाओं का सम्मान, दो सगे भाई बने अग्निवीर

**वजीरगंज (गया), 02 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड के ग्राम पूरा स्थित देवी स्थान परिसर में मंगलवार को सरकारी सेवा में चयनित 8 युवाओं के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ।फूल-मालाओं और तालियों के बीच ग्रामीणों ने युवाओं का अभिनंदन किया।समारोह का मुख्य आकर्षण एक ही परिवार के दो सगे भाई गुलशन कुमार और सौरव कुमार का इंडियन आर्मी अग्निवीर में चयन रहा।वहीं गांव के पहले महादलित युवक शंभु कुमार बिहार पुलिस में चयनित हुए, जो युवाओं के लिए प्रेरणा बने।सम्मानित युवाओं में शंभू कुमार (जिला पुलिस), आनंद सिंह, नीरज कुमार (बिहार पुलिस), अंकित कुमार (रेलवे टेक्नीशियन), रितिक रोशन, गुलशन-सौरव कुमार (इंडियन आर्मी) तथा संदीप कुमार (रेलवे लोको पायलट) शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी कमला प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और शिक्षक मौजूद थे।

# ईंट निर्माता संघ ने प्रभारी मंत्री का किया अभिनंदन

**कटिहार, 02 जून (तरुणमित्र)।** शहर के गामी टोला स्थित समृद्धि भवन में जिला ईंट निमार्ता संघ की ओर से बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री सह कटिहार जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी तथा ईंट उद्योग से जुड़े व्यवसायी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता जिला ईंट निमार्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की।




इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, बरारी विधायक विजय सिंह, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, भाजपा नेता विकास सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला ईंट निमार्ता संघ के प्रतिनिधियों ने ईंट भट्ठा उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को मंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। संघ के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में ईंट उद्योग कई प्रकार की प्रशासनिक एवं व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से आवश्यक पहल करने की मांग की।

मंत्री डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी ने संघ के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि ईंट उद्योग से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों के विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है तथा संबंधित विभाग के माध्यम से आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि संगठन की ओर से उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा गया है।

मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिया है जिससे उद्योग से जुड़े लोगों में उम्मीद जगी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव राकेश कुमार साह, अशोक यादव, गणेश चौरसिया, विनोद अग्रवाल, जामियत लाल मेघानी, आशिक खान, भुवन अरोड़ा, आलोक देव, संतोष कुमार अग्रवाल तथा प्रदेश अध्यक्ष मुरारी कुमार मन्नू सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। समारोह के अंत में अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

# विष्णुचक में आयोजित हुआ सबका सम्मान, जीवन आसान सहयोग शिविर

**समेली, कटिहार, 02 जून (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के समेली प्रखंड अंतर्गत पूर्वी चांदपुर पंचायत के विष्णुचक गांव स्थित पंचायत भवन में मंगलवार को एक दिवसीय सबका सम्मान, जीवन आसान सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया।



**128 में 125 आवेदनों का हुआ निष्पादन**

शिविर में कुल 128 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 125 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। सहयोग शिविर में पंचायती राज, खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण, कृषि, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, विद्युत, राजस्व, जीविका, श्रम संसाधन, बाल विकास परियोजना, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आरटीपीएस, पेयजल सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर लोगों ने अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए।

विभागीय अधिकारियों ने लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम ने शिविर का निरीक्षण किया तथा दर्जनों लाभार्थियों से सीधे संवाद किया।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। अधिकारियों ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का जायजा लेते हुए लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया और लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है।

शिविर में कटिहार श्रम अधीक्षक पीटर मिंज, कटिहार डीसीएलआर शशांक शेखर, अंचलाधिकारी प्रिय रंजन कुमार, मुखिया अनीता देवी, सरपंच प्रेमलता देवी, उप प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप कुमार साह, पोठिया थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनामिका कुमारी, पशु चिकित्सक राजेश कुमार सिंह, हेल्थ मैनेजर देवभूषण कुमार, कृषि पदाधिकारी भानु भवेश, मुखिया प्रतिनिधि विभूति यादव, मनोहर कुमार, मनीष कुमार, पंकज कुमार, स्वच्छता प्रवेक्षक पवन कुमार, अमित सहारा सहित कई पदाधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सभी जिलों में पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन किया गया

**गया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले के प्रभारी सचिव रोबर्ट एल. चोंग्थू ने जिला के बोधगया प्रखंड स्थित इटरा पंचायत में सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु आयोजित सहयोग शिविर में मंगलवार को शामिल हुए।सात निश्चय योजना-3 का अवयव सबका सम्मान जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतारने एवं जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को बिहार के सभी जिलों में पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुक्त मगध प्रमण्डल डॉ सफीना ए एन ने कहा कि आज से पूरे जिले में सहयोग शिविर कार्यक्रम आयोजित है।राज्य सरकार द्वारा इसके लिए पिछले 11 मई को ही सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1100 जारी किया था, जिसके माध्यम से लोग सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।इस 'सहयोग शिविर' का उद्देश्य हर हाल में निर्धारित समय सीमा के अंदर जन समस्याओं का निष्पादन करना है।यह कार्यक्रम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का जरिया है।राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन आपका हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

बिहार की समृद्धि और भारत विकसित हो, इसके लिए लगातार काम किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर में जो भी आवेदन प्राप्त होंगे उनका निष्पादन 30 दिनों के अन्दर हर हाल में किया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित को ध्यान में रखते हुए ही योजनाएं बनाती है और नीतियां निर्धारित करती है।जनता की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन का दायित्व है।यह सहयोग शिविर कार्यक्रम पूरे जिले में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर लगाई जाएगी ताकि लोगों के सपने साकार हों, उनके सपने टूटे नहीं।

# लापता मेघा का शव बरामद, कार्रवाई की मांग को लेकर देर रात तक हंगामा



किशनगंज, 02 जून (तरुणमित्र)। सदर थाना क्षेत्र के माझिया स्थित नदी किनारे सोमवार को 13 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान डुमरिया भट्टा निवासी मनोज साह की पुत्री मेघा कुमारी के रूप में हुई है। वह तीन दिनों से लापता थी।

घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने देर रात तक हंगामा किया तथा पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों के अनुसार मेघा 29 मई की शाम घर से टहलने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद परिवार के लोग गुमशुदगी की सूचना देने सदर थाना पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। मृतका की मां पिंकी देवी ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनकी शिकायत दर्ज करने के बजाय यह कहकर लौटा दिया कि बच्ची किसी के साथ चली गई होगी और जल्द वापस आ जाएगी। मृतका के मामा लक्ष्मण साह ने बताया कि परिवार को तीन बार थाने का चक्कर लगाना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने बच्ची के सोशल मीडिया अकाउंट और नानी का मोबाइल फोन भी जांचा, लेकिन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत की, जिसके बाद आवेदन स्वीकार किया गया।

सोमवार दोपहर स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस को माझिया नदी किनारे एक शव मिलने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मेघा कुमारी के रूप में की। सूचना मिलते ही पुलिस तथा एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर तथा सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम अनिकेत कुमार और प्रशासनिक अधिकारी देर रात तक मौके पर डटे रहे। परिजनों ने 24 घंटे के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसडीपीओ-1 खुशरो सिराज ने बताया कि मौत के कारणों की जांच तेज कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## अवैध संबंध के कारण सास ने दामाद के साथ मिलकर की बेटी की हत्या

अररिया, 02 जून (तरुणमित्र)। अररिया आरएस थाना क्षेत्र के प्रेमनगर वार्ड संख्या 16 में बीती रात अवैध संबंध को लेकर सास और दामाद ने मिलकर नवविवाहिता की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह बेटी के पिता मुदशिर ने आरएस थाना पुलिस को घटना की सूचना दी।जिसके बाद मौके पर थानाध्यक्ष अंकुर कुमार समेत पुलिस अधिकारी पहुंचकर आरोपी सास शाइस्ता परवीन और दामाद अब्बू नसर को गिरफ्तार किया।सूचना के बाद मौके पर अनुसंधान को लेकर एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिन्होंने मौके पर कई सैंपल कलेक्ट किए।

# जलजमाव की समस्या पर गंभीर हुआ नगर निगम, हटाया अतिक्रमण

भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र स्थित कैलाशपुरी कॉलोनी के वासियों के लिए मंगलवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। कॉलोनी में लंबे समय से नासूर बनी जलजमाव की गंभीर समस्या पर नगर निगम ने कड़ा एक्शन लिया है।

स्थानीय नागरिकों की बार-बार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और न सिर्फ अतिक्रमण को ध्वस्त किया, बल्कि सालों से जाम पड़े नाले की उड़ाही का काम भी युद्ध स्तर पर शुरू करवा दिया। स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, कैलाशपुरी कॉलोनी में स्थित एक निजी विद्यालय के संचालक कन्हैया कुमार द्वारा नाले और उसके आसपास की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था।

इस अतिक्रमण की वजह से नगर निगम की सफाई गाड़ियों और कर्मियों को नाले तक पहुंचने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था और नाले की सफाई पूरी तरह ठप थी। नाला पूरी तरह चोक (जाम) हो जाने के कारण कैलाशपुरी कॉलोनी की स्थिति बद से बदतर हो गई थी। हल्के से पानी या रोजाना के इस्तेमाल के बाद नाले का बदबूदार और गंदा पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर जमा हो जाता था। स्थिति इतनी भयावह थी कि कई बार यह गंदा पानी लोगों के ड्राइंग रूम और आंगन तक में प्रवेश कर जाता था, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार मंडरा रहा था।

बच्चे और बुजुर्ग घरों में कैद होने को मजबूर थे। जैसे ही नगर निगम को इस बात की पुख्ता शिकायत मिली कि एक रसूखदार व्यक्ति के अतिक्रमण के कारण पूरी कॉलोनी नरक झेल रही है, निगम प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आ गया। नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता मोजाहिदपुर थाने की पुलिस टीम के साथ अमले-कमले के साथ कैलाशपुरी पहुंचा। टीम को देखकर अतिक्रमणकारियों के विरोध के सुर ठंडे पड़ गए। निगम कर्मियों ने तुरंत नाले के ऊपर और आसपास से अवैध कब्जा हटाया और जेसीबी मशीनों के जरिए नाले की उड़ाही का काम शुरू कर दिया।

## स्वर्ण व्यवसायी से 60 लाख के जेवरात व नकदी की लूट, जांच में जुटी पुलिस

किशनगंज, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में एक स्वर्ण व्यवसायी से लाखों रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और नकदी लूट लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बहादुरगंज थाना क्षेत्र के सुभासनगर वार्ड संख्या-11 निवासी स्वर्ण व्यवसायी गंगा प्रसाद साह सोमवार की रात अपनी झांसी रानी चौक स्थित आभूषण दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उन्होंने दुकान में रखे लगभग 35 से 40 तोले सोने के जेवरात एक बैग में रखकर अपनी मोटरसाइकिल की डिक्की में सुरक्षित रखा था। इसके अलावा उनके पास करीब एक लाख रुपये नकद भी थे। पीड़ित के अनुसार, रात करीब 10 से 11 बजे के बीच जब वह सुभासनगर स्थित अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़ दी और उसमें रखा सोने के आभूषणों से भरा बैग तथा नकदी लेकर फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि लूटे गए सोने के जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये है। घटना की सूचना मिलने के बाद बहादुरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है तथा बदमाशों की पहचान में जुटी हुई है। मंगलवार को बहादुरगंज थानाध्यक्ष दिलशाद खान ने बताया कि पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी की लिखित शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## गर्भावस्था का साइलेंट किलर है प्री-एक्लेंपसिया, समय पर जांच से बच सकती है दो जिंदगियां

किशनगंज, 02 जून (तरुणमित्र)। गर्भावस्था के दौरान होने वाली गंभीर जटिलताओं में शामिल प्री-एक्लेंपसिया को स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने साइलेंट किलर बताया है। चिकित्सकों का कहना है कि समय पर पहचान और उपचार नहीं मिलने पर यह बीमारी गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।इसे मातृ मृत्यु के प्रमुख कारणों में तीसरे स्थान पर माना जाता है। ऐसे में नियमित प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के माध्यम से इसकी समय रहते पहचान कर गंभीर जोखिमों को टाला जा सकता है। मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि प्री-एक्लेंपसिया ऐसी स्थिति है, जिसमें गर्भवती महिला का रक्तचाप असामान्य रूप से बढ़ जाता है और शरीर के विभिन्न अंग प्रभावित होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि अत्यधिक रक्तस्राव और संक्रमण के बाद मातृ मृत्यु का यह तीसरा बड़ा कारण माना जाता है।

हालांकि नियमित जांच और उचित उपचार से अधिकांश मामलों में गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने बताया कि प्री-एक्लेंपसिया की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरूआती चरण में इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। कई महिलाओं में इसकी जानकारी नियमित जांच के दौरान रक्तचाप बढ़ने पर ही मिलती है। इसी वजह से इसे साइलेंट किलर कहा जाता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को कम से कम चार प्रसव पूर्व जांच कराने की सलाह दी।

महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रिजवाना तबस्सुम ने बताया कि गर्भावस्था के 20 सप्ताह के बाद उच्च रक्तचाप और पेशाब में प्रोटीन की मौजूदगी प्री-एक्लेंपसिया का संकेत हो सकती है। इसके अलावा हाथ-पैर और चेहरे पर अत्यधिक सूजन, लगातार सिरदर्द, आंखों के सामने धुंधलापन, चमक दिखाई देना, बेचैनी और पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण भी इसके संकेत हैं। उन्होंने बताया कि समय पर इलाज नहीं होने पर यह बीमारी एक्लेंपसिया में बदल सकती है, जिससे दौरे पड़ने, किडनी, लीवर और मस्तिष्क प्रभावित होने तथा कोमा तक की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## कालचक्र मैदान बोधगया में अन्तर्वाहिनी क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन

गया, 02 मई (तरुणमित्र)। एसएसबी डीआईजी मानवेन्द्र के द्वारा एसएसबी 29वीं बटालियन गया के कमांडेंट कुणाल की गरिमामयी उपस्थिति में कालचक्र मैदान, बोधगया में अन्तर्वाहिनी क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को किया।यह क्रिकेट प्रतियोगिता 02 जून से 05 जून तक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) के अंतर्गत क्षेत्रक मुख्यालय सहित विभिन्न वाहिनियों की कुल 06 टीमें भाग ले रही हैं।इस अवसर पर अपने संबोधन में डीआईजी मानवेन्द्र ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि आपसी समन्वय, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं संगठनात्मक एकता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा खेल की मयार्दा बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया जा रहा है विशेष समकालीन अभियान

गया, 02 मई (तरुणमित्र)। जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से विशेष समकालीन अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों एवं विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन जांच की जा रही है।साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### महामहिम की मेज तक पहुंचेगी भागलपुर के जदार्लू आम की मिठास

भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। भागलपुर का विश्व प्रसिद्ध जदार्लू आम का स्वाद एक बार फिर देश की सर्वोच्च हस्तियों को लुभाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' में अपनी खास पहचान दर्ज करा चुके इस विशिष्ट आम की खेप जल्द ही दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सहित कई गणमान्य व्यक्तियों तक पहुंचेगी। बिहार सरकार की ओर से हर साल भेजी जाने वाली इस पारंपरिक सौगात को लेकर कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारी पूरी मुस्तैदी से जुट गए हैं। इस अनूठी परंपरा की शुरूआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में की गई थी। जिसे इस साल भी बेहद उत्साह के साथ कायम रखा जा रहा है। दिल्ली भेजे जाने वाले इस विशेष आम की पैदावार भागलपुर के तिलकपुर स्थित 'मधुवन नर्सरी' में की जाती है। इस नर्सरी के संचालक 'मैंगो मैन' के रूप में विख्यात प्रगतिशील किसान और रिसर्चर अशोक चौधरी हैं, जिन्होंने जदार्लू आम की गुणवत्ता और उसकी किस्मों पर लंबा शोध किया है। प्रशासनिक स्तर पर इस सौगात को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उद्यान विभाग के अधिकारी मोहम्मद खलिल अहमद और किसान अशोक कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत करीब 100 क्विंटल बेहतरीन जदार्लू आम की पैकेजिंग की जा रही है। इसमें से 50 क्विंटल आम की पहली खेप पटना के बियाडा पैक हाउस भेज दी गई है, जबकि बाकी 50 क्विंटल आम की छंटाई और पैकिंग अधिकारियों की सीधी देखरेख में की जा रही है। गुणवत्ता मानकों पर पूरी तरह खरे उतरने के बाद बुधवार को पटना के बिहटा से यह पूरी खेप दिल्ली के लिए रवाना कर दी जाएगी। जीआई टैग प्राप्त भागलपुर का जदार्लू आम अपनी बेमिसाल खुशबू, सुपाच्य प्रकृति और लाजवाब स्वाद के लिए दुनिया भर में मशहूर है।

### ड्युटी के दौरान रील बनाते महिला पुलिसकर्मी का वीडियो हुआ वायरल

भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। पुलिस विभाग की सोशल मीडिया नीति के अनुसार भारतवर्ष के लगभग सभी राज्यों खासकर उत्तरप्रदेश, बिहार आदि के पुलिस मुख्यालय द्वारा सोशल मीडिया को लेकर सख्त लागू की गई है। इसके अनुसार कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान या वर्दी पहनकर विडियो या रील नहीं बना सकता। वहीं पुलिस थानों और कार्यालयों के भीतर वीडियो बनाना प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर पुलिस की छवि धूमिल होने और अनुशासनहीनता के कारण विभागीय कार्रवाई यथा निलंबन या लाइन हाजिर की जाती है। सोशल मीडिया पर रील बनाना पुलिस विभाग के नियमों के खिलाफ है और इसे अनुशासनहीनता माना जाता है। आए दिन ऐसे मामले सामने आते हैं, जहां ड्यूटी के दौरान या पुलिस थानों के अंदर रील बनाने पर महिला पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया जाता है या उन पर विभागीय कार्रवाई की जाती है। हाल ही में पुर्णिया की महिला थाना अध्यक्ष को पुलिस की तय मानक संचालन प्रकिया का उल्लंघन करते हुए वर्दी में लगातार रील बनाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। वहीं दूसरी ओर भागलपुर में विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त हो जाने से कोसी सीमांचल क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन ड्यूटी पर तैनात बरारी थाना क्षेत्र में महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी के बजाय नाव पर रील बनाने में मग्न हैं।

### ग्रामीण इलाकों में रोग मुक्ति के लिए मिल का पत्थर साबित होगी जन औषधि केंद्र-विवेकानंद

नवादा, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के सदर प्रखंड के आती पैक्स में मंगलवार को पैक्स अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन जिला सहकारिता पदाधिकारी आलोक कुमार ने किया। इस अवसर पर सहकारिता बैंक के प्रबंध निदेशकअरूति कुमारी, सहायक निबंधक राजीव कुमार, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रमोद कुमार ,नवादा ब्यापार मंडल के अध्यक्ष टुन्नी सिह आदि उपस्थित थे ।नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने उद्घाटन के बाद जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि जन औषधि केंद्र की स्थापना से गरीब तबके के लोगों को सस्ते दर पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हो जाएगी। जिससे समाज को रोग मुक्ति में बड़ी मदद मिलेगी ।पैक्स अध्यक्ष विवेकानंद शर्मा ने कहा कि नव स्थापित जन औषधि केंद्र ग्रामीण इलाके में रोग मुक्ति के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र को बेहतर तरीके से चलाया जाएगा। ताकि गरीबों को सस्ती दर पर दवाएं मिल सके। जन औषधि केंद्र की स्थापना से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

### भागलपुर के प्रभारी सचिव सहयोग शिविर में हुए शामिल, सहयोग शिविर का किया निरीक्षण

भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। बिहार सरकार के जन-शिकायत निवारण अभियान के तहत भागलपुर के गोराडीह प्रखंड के बिशनपुर जिच्छो पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव सह भागलपुर के प्रभारी सचिव दीपक आनंद ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर प्रभारी सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वे शिविर की प्रगति और शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकतम 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा अनावश्यक विलंब के प्रति सरकार पूरी तरह गंभीर है। प्रभारी सचिव ने बताया कि सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन 1100 के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से डिजिटल माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग पोर्टल का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से भागलपुर जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित सहयोग शिविर में प्राप्त अधिकांश शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा से काफी पहले, मात्र सात दिनों के भीतर कर दिया गया है।

## बीच गंगा में खराब हुई यात्रियों से भरी नाव, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू



भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद से भागलपुर से नवगछिया नाव से आने जाने वाले यात्रियों का जान संसत में है। अक्सर यात्रियों से भरी नाव बीच गंगा में खराब हो रही है। मंगलवार को भी महादेवपुर घाट से बरारी घाट की ओर जा रही एक बड़ी नाव बीच गंगा खराब हो गई। नाव का इंजन बंद होते ही नाव नदी की तेज धारा में बहते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज की दिशा में पहुंचने लगी। वहीं सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर बरारी घाट पहुंचाया।

बताया जा रहा है कि महादेवपुर घाट से बरारी घाट के लिए रवाना हुई नाव में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। यात्रा के दौरान अचानक नाव का इंजन बंद हो गया। इंजन बंद पड़ते ही नाव गंगा की धारा में बहने लगी, जिससे यात्रियों के बीच घबराहट फैल गई। कई यात्रियों ने तत्काल प्रशासन और एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर नीलू के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सबसे पहले नाव की स्थिति का आकलन किया और फिर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। प्राथमिकता के आधार पर नाव पर मौजूद बीमार महिला और बुजुर्ग यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

एसडीआरएफ के जवानों ने चरणबद्ध तरीके से सभी यात्रियों को रेस्क्यू कर बरारी घाट पहुंचाया। इसके बाद खराब नाव को सुरक्षित निकालने के लिए दूसरी बड़ी नाव की व्यवस्था की गई। काफी मशक्कत के बाद खराब नाव को टोचन कर किनारे तक लाया गया। घटना के बाद प्रशासन ने नाव संचालन को लेकर सख्त संदेश दिया है।

नई व्यवस्था के तहत यदि किसी नाव का इंजन बीच नदी में खराब होता है और यात्रियों को एसडीआरएफ की मदद से बचाना पड़ता है, तो संबंधित नाव मालिक को निर्धारित राशि का केवल आधा भुगतान किया जाएगा।

### एनटीपीसी कहलगाँव में निदेशक प्रचालन का दो दिवसीय दौरा संपन्न

भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक प्रचालन रवीन्द्र कुमार का दो दिवसीय एनटीपीसी कहलगाँव का दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की विभिन्न परिचालन गतिविधियों, पर्यावरणीय पहलों तथा सामाजिक दायित्व कार्यक्रमों की समीक्षा की और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ व्यापक संवाद किया। दौरे के दौरान एनटीपीसी कहलगाँव के परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल उनके साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर रवीन्द्र कुमार ने परियोजना के सेंट्रल कंट्रोल रूम, वैगन ट्रिपलर, एफजीडी क्षेत्र तथा ऐश डाइक क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र के प्रदर्शन, परिचालन दक्षता, सुरक्षा मानकों तथा पर्यावरण संरक्षण उपायों से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने स्टेशन के विभिन्न महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण परिचालन मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सहयोग शिविर में छाया अतिक्रमण व रिशवत वसूली का मुद्दा

बेतिया, 02 जून (तरुणमित्र)। राज्य सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में ग्राम पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बैकुठवां पंचायत के राजकीय मध्य विधालय जयनगर के शिविर में विधायक नारायण प्रसाद, बीडिओ शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ अलका कुमारी, प्रमुख कृष्ण देव चौधरी, उप प्रमुख अपसर हुसैन, एसडीपीओ रजनीकांत प्रियदर्शी, बीईओ नेहा राज, डीपीओ कुमकुम पाठक, थानाध्यक्ष प्रमोद पासवान, बीपीआरओ सुमीत चौधरी, मुखिया अफरोज नैयर, पंसस पति राजेश कुशवाहा समेत प्रखंड व अंचल के कर्मचारी मौजूद रहे। प्रभारी सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार समस्याओं को समाधान करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजनता को बढचढकर भाग लेने की अपील की।

शिविर में डीआईजी हरकिशोर राय, डीडीसी विकास वैभव काजले ने अपने विचार व्यक्त किया। शिविर में अलग अलग जन समस्याओं के निराकरण के लिए काउटर बनाया गया। शिविर में मुखिया अफरोज नैयर ने अपने निजी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए सीओ अलका कुमारी को लिखित शिकायत की। साथ ही पंचायत में गली नाली निर्माण नहीं होने का सवाल महिलाओं ने खड़ा किया। पंचायत के अग्नि पीड़ित अर्जुन सहनी ने शिविर में लिखित शिकायत किया कि अंचल नाजीर सह प्रधान सहायक मनोज कुमार द्वारा मुआवजा के लाभ दिलाने में प्रति पीड़ित से दो हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। बीडिओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शिविर में आये सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वही खडडा पंचायत के पंचायत सरकार भवन में मुखिया रीता देवी के देखरेख में सहयोग शिविर का आयोजन हुआ। जहां पंचायत के समस्याओं का समाधान किया गया। जबकि धूम नगर पंचायत सरकार भवन में भी सहयोग शिविर लगाया गया। जहां लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। शिविर में प्रभारी सचिव अभय कुमार सिंह ने जनता की समस्या से सीधे रूबरू हुए और विधायक व अधिकारियों के साथ सभी स्टाल का निरीक्षण भी किया।

# पुलिस को बड़ी कामयाबी : धीरज साह हत्याकांड का मुख्य आरोपी 25 हजार का इनामी अंकित चौहान गिरफ्तार

## शहर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की रच रहा था साजिश

कटिहार, 02 मई (तरुणमित्र)। कटिहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 'धीरज साह हत्याकांड' के मुख्य आरोपी और 25 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी अंकित चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल, 31 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया है। अंकित पर हत्या, आर्म्स एक्ट और रंगदारी सहित करीब आधा दर्जन से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं।



### गुप्त सूचना पर नगर थाना पुलिस ने की घेराबंदी

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार (1 जून 2026) को नगर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि ड्राइवर टोला, ग्रेन सोपारा (वार्ड संख्या-16) स्थित संतोषी चौक के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी में कुछ हथियारबंद अपराधी सवार हैं। ये अपराधी शहर के किसी व्यस्त इलाके में किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए नगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल और तकनीकी टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।

### लोडेड पिस्टल, 31 जिंदा कारतूस और स्कॉर्पियो के साथ दबोचा गया कुख्यात

पुलिस टीम को अचानक सामने देख स्कॉर्पियो में सवार अपराधी गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, पुलिस जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे।

### जमीन विवाद में की थी धीरज साह की हत्या

पकड़े गए आरोपी की पहचान अंकित चौहान (28 वर्ष), पिता स्व. विजय चौहान के रूप में हुई है, जो नगर थाना क्षेत्र के ड्राइवर टोला (ग्रेन सोपारा) का ही रहने वाला है।

कड़ाई से पूछताछ में यह बात सामने आई कि वह मुफ्ती थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 144/25 (धीरज साह हत्याकांड) में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, जमीन खरीद-बिक्री के विवाद को लेकर धीरज साह की निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिसमें अंकित की मुख्य भूमिका थी। इसकी गिरफ्तारी पर पुलिस मुख्यालय द्वारा ?25,000 का इनाम घोषित किया गया था।

## गर्भवती घायल महिला को दौड़ाया, सदर अस्पताल के डॉक्टर आशीष रंजन बने मसीहा

भागलपुर, 02 जून (तरुणमित्र)। जिले के मायागंज अस्पताल का रवैया एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सड़क हादसे में घायल सात माह की गर्भवती महिला को तत्काल इलाज देने के बजाय अस्पताल से रेफर स्लिप लाने के लिए भेज दिया गया। वहीं सदर अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष रंजन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला का इलाज कर उसकी जान बचाई। मामला अलीगंज निवासी रूपा देवी का है जो सात माह की गर्भवती हैं। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मंगलवार को परिजन उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लेकर पहुंचे।

आरोप है कि अस्पताल में पंजीकरण और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद महिला को भर्ती नहीं किया गया और पहले सदर अस्पताल से रेफर स्लिप लाने को कहा गया। दर्द से कराह रही गर्भवती महिला को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भेजा जाता रहा। ऐसे समय में जब हर मिनट महत्वपूर्ण था। मायागंज अस्पताल की कार्यशैली ने कई सवाल खड़े कर दिए।

आखिर गंभीर रूप से घायल गर्भवती महिला को तत्काल उपचार क्यों नहीं मिला। इसके बाद महिला को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष रंजन ने बिना समय गंवाए इलाज शुरू कराया। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के कारण महिला को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी। डॉ. रंजन ने कहा कि किसी भी गंभीर मरीज विशेषकर गर्भवती महिला को कागजी प्रक्रिया के नाम पर अस्पतालों के बीच नहीं दौड़ाया जाना चाहिए। एक तरफ मायागंज अस्पताल का रवैया सवालों के घेरे में है, तो दूसरी तरफ डॉ. आशीष रंजन की मानवीय पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था में संवेदनशीलता और जवाबदेही की जरूरत को एक बार फिर उजागर करती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
बुधवार, 3 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, तृतीया

# अंजना की बेइज्जती!

हाल ही में आज तक की वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप के एक बयान ने शिक्षा जगत में तूफान खड़ा कर दिया है। यूट्यूब और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पढ़ाने वाले शिक्षकों को 'दो कौड़ी के', 'फ्रॉड' और 'बिना ज्ञान वाले' करार देते हुए उन्होंने जो टिप्पणी की, वह न केवल शिक्षक समुदाय के लिए अपमानजनक साबित हुई, बल्कि खुद उनके लिए भारी पड़ गई। सोशल मीडिया पर लाखों शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। खान सर, बबिता मैम जैसी हस्तियों ने करारा जवाब दिया, जिससे यह विवाद राष्ट्रव्यापी बहस बन गया। यह घटना नीट पेपर लीक और सीबीएसई मूल्यांकन विवाद के बीच घटी। अंजना ने दावा किया कि यूट्यूब टीचर्स स्कूल-कॉलेजों से छात्रों को खींचते हैं, व्यूज के चक्कर में गलत जानकारी फैलाते हैं और असली शिक्षा को नुकसान पहुंचाते हैं। लेकिन उनकी भाषा और सामान्यीकरण ने पूरे ऑनलाइन शिक्षा जगत को निशाना बना दिया। जब ये बात उन पर ज्यादा लागू होती है कि टीआरपी के चक्कर में खुद झूठ फैलाने का काम कर रही हैं। जब कि सच्चाई यह है कि आज के डिजिटल युग में यूट्यूब शिक्षक लाखों ग्रामीण और मध्यमवर्गीय छात्रों तक सस्ती, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचा रहे हैं। जहां महंगे कोचिंग संस्थान पहुंच से बाहर हैं, वहां ये टीचर मोबाइल पर घंटों मेहनत कर छात्रों के सपनों को पंख दे रहे हैं। यूपीएसई, जी, नीट जैसे परीक्षाओं में सफलता के पीछे इनमें से कई शिक्षकों का अहम योगदान है। शिक्षक किसी भी समाज की नींव होते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊपर माना गया है- 'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो च महेश्वराय'। जब कोई मुख्यधारा का पत्रकार शिक्षकों को 'कौड़ी का' कहता है, तो वह न केवल इस परंपरा का अपमान करता है, बल्कि उन लाखों युवाओं का भी, जो इन शिक्षकों पर भरोसा करते हैं। अंजना का बयान इसलिए भी खासतौर पर निंदनीय है क्योंकि यह सामान्यीकरण पर आधारित था। हां, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग गलत जानकारी फैला सकते हैं, लेकिन क्या टीवी डिबेट्स में सनसनीखेज खबरें, तो क्या फेक न्यूज और राजनीतिक चाटुकारिता नहीं फैलाई जाती? क्या मुख्यधारा के मीडिया को भी जवाबदेही से मुक्त मान लिया जाए? यूट्यूब टीचर्स पर सवाल उठाना ठीक है, लेकिन पूरे समुदाय को अपमानित करना घोर अन्याय है। इस विवाद ने दो महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं। पहला, शिक्षा प्रणाली की जड़ें कमजोर क्यों हैं? नीट पेपर लीक, मूल्यांकन त्रुटियां और परीक्षा तनाव दिखाते हैं कि सरकारी तंत्र और संस्थागत जवाबदेही की कमी है। दूसरा, मीडिया और शिक्षा जगत के बीच संवाद की जरूरत। पत्रकारिता का काम सवाल पूछना है, लेकिन भाषा संतुलित होनी चाहिए। अंजना को इस बयान की भारी कीमत चुकानी पड़ी, ट्रोलिंग, बहिष्कार के आह्वान और अपनी विश्वसनीयता पर सवाल। शिक्षकों की गरिमा बनाए रखना राष्ट्र निर्माण का हिस्सा है। आज के युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोर्चों पर मेहनत कर रहे हैं। उन्हें अपमान के बजाय प्रोत्साहन चाहिए। अंजना ओम कश्यप का यह बयान शिक्षा क्षेत्र में बढ़ते डिजिटल क्रांति के खिलाफ एक अनचाहा हमला साबित हुआ। शिक्षक समुदाय ने एकजुटता दिखाकर साबित कर दिया कि उनकी इज्जत पर कोई आंच नहीं आने देगा। समाज को समझना चाहिए कि शिक्षक मां-बाप के बाद सबसे बड़ा मार्गदर्शक होता है। उनकी बेइज्जती पूरे भविष्य की बेइज्जती है। अंजना जैसे पत्रकारों को भी इस सबक से सीख लेनी चाहिए कि शब्दों का वजन होता है। गुस्से की आग में कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। शिक्षा और मीडिया दोनों का लक्ष्य एक है- जागरूक और सशक्त नागरिक बनाना। इसमें एक-दूसरे की आलोचना सकारात्मक हो, न कि अपमानजनक।

# स्वस्थ जीवन का आधार है साइकिल



ललित गर्ग

**हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला विश्व साइकिल दिवस केवल एक साधारण वाहन के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सतत विकास के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।**

आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, बढ़ती बीमारियों और यातायात संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल एक ऐसे सरल समाधान के रूप में उभरती है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र-तीनों के लिए समान रूप से लाभकारी है। विश्व साइकिल दिवस 2026 की थीम 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' (Cycling for a Greener Future) अत्यंत सार्थक और समयानुकूल है।

यह थीम हमें याद दिलाती है कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पृथ्वी छोड़नी है, तो हमें अपने परिवहन के तौर-तरीकों में बदलाव लाना होगा और साइकिल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। साइकिल मानव सभ्यता के उन आविष्कारों में से एक है जिसने दो शताब्दियों से अधिक समय तक अपनी उपयोगिता बनाए रखी है। तकनीकी क्रांति के इस युग में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि नई चुनौतियों के बीच इसका महत्व और बढ़ गया है। यह एक ऐसा वाहन है जो बिना पेट्रोल, डीजल या बिजली के चलता है, न कोई धुआँ छोड़ता है और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है।

यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता देते हुए विश्व साइकिल दिवस घोषित किया। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएँ तो बहुत दी हैं, लेकिन इसके साथ अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ भी पैदा कर दी हैं। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, शारीरिक श्रम का अभाव, वाहन-निर्भरता और तनावपूर्ण जीवन ने मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्वास्थ्य-सहचर बनकर सामने आती है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम है। इससे हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और शरीर की अतिरिक्त कैलोरी खर्च होती है। साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं तथा जोड़ों पर अत्यधिक दबाव भी नहीं पड़ता, इसलिए यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम माना जाता है। विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी साइकिल अत्यंत लाभकारी है। आज तनाव, चिंता और अवसाद वैश्विक समस्याएँ बन चुके हैं। खुली हवा में साइकिल चलाने से मन प्रसन्न होता है, तनाव हार्मोन कम होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह व्यक्ति को प्रकृति के निकट लाती है तथा जीवन में संतुलन और आनंद की अनुभूति कराती है। वास्तव में साइकिल चलाना शरीर और मन दोनों का एक साथ व्यायाम है।

पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल का महत्व और भी अधिक है। विश्व के बड़े शहर बढ़ते प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से त्रस्त हैं। मोटर वाहनों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। साइकिल शून्य-उत्सर्जन वाला वाहन है।

यदि छोटी दूरी की यात्राओं के लिए लोग मोटरसाइकिल और कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें, तो कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर किया जाने वाला सबसे सरल और प्रभावी प्रयास है। सामाजिक दृष्टि से भी साइकिल समानता और समावेशिता का प्रतीक है। यह अमीर और गरीब, दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने के लिए साइकिल पर निर्भर हैं। कम आय वाले परिवारों के लिए यह सबसे सुलभ और किफायती परिवहन साधन है। साइकिल सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाती है और अवसरों तक पहुँच आसान बनाती है।

भारत जैसे विकासशील देश के लिए साइकिल का महत्व विशेष रूप से अधिक है। एक ओर देश ऊर्जा आयात पर भारी खर्च करता है, दूसरी ओर महानगरों में यातायात और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुके हैं।

यदि साइकिल संस्कृति को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए तो ईंधन की बचत होगी, विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी कम होगा। स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में कभी साइकिल आम जनजीवन का अभिन्न हिस्सा थी, लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मोटर वाहनों की बढ़ती प्रतिष्ठा ने इसे पीछे धकेल दिया। आज अनेक लोग साइकिल को केवल गरीबों का वाहन मानते हैं, जबकि विकसित देशों में साइकिल प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों ने साइकिल को शहरी जीवन का केंद्र बनाया है। वहाँ अलग साइकिल लेन, सुरक्षित मार्ग और अनुकूल नीतियाँ उपलब्ध हैं। भारत को भी इस दिशा में गंभीर पहल करनी होगी।


समय की माँग है कि साइकिल को केवल खेल या मनोरंजन का साधन न मानकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग बनाया जाए। शहरों में सुरक्षित साइकिल ट्रैक, सार्वजनिक साइकिल शेयरिंग सिस्टम, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में साइकिल उपयोग को प्रोत्साहन तथा सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन योजनाएँ विकसित की जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए तथा लोगों को इसके स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि समाज साइकिल के बहुआयामी महत्व को समझे और इसे दैनिक जीवन में अपनाए। यह दिवस हमें बताता है कि बड़े परिवर्तन हमेशा जटिल तकनीकों से नहीं आतेय कभी-कभी एक साधारण दो पहियों वाला वाहन भी मानवता को बेहतर भविष्य की दिशा दिखा सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम साइकिल को अतीत की वस्तु नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता के रूप में देखें। जब दुनिया सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है, तब साइकिल एक ऐसा माध्यम है जो स्वास्थ्य, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय-सभी क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान दे सकती है। विश्व साइकिल दिवस हमें यह संदेश देता है कि यदि हम स्वस्थ शरीर, स्वच्छ वातावरण और संतुलित जीवन चाहते हैं, तो साइकिल को पुनः अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। यह केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है-सादगी, संतुलन, स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ सामंजस्य का जीवन-दर्शन।

आने वाला भारत तभी अधिक स्वस्थ, हरित और प्रगतिशील बन सकेगा जब साइकिल फिर से उसकी सड़कों, गलियों और जनजीवन की धड़कन बनेगी। यही विश्व साइकिल दिवस की सार्थकता है और यही हरियाली भरे भविष्य की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# तेल की लालच में विनाश की ओर जाती दुनिया



संतराम पाण्डेय

आधुनिक विश्व की अर्थव्यवस्था, राजनीति और औद्योगिक विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार तेल रहा है। बीसवीं सदी को यदि तेल का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। पेट्रोलियम ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया, उद्योगों को गति दी और देशों की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। किंतु यही तेल आज विश्व में संघर्ष, असमानता और विनाश का कारण भी बनता जा रहा है। तेल की बढ़ती लालसा ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ाया है, बल्कि विश्व को शक्तिशाली और निर्भर देशों के दो वर्गों में बाँट दिया है। शक्तिशाली देशों की फितरत अब तेल के विशाल कूपों की ओर डोल रहे हैं। उन पर कब्जा उनकी मंशा में शामिल हो चुका है। खाड़ी देशों में ईरान-अमेरिका संघर्ष भी कुछ ऐसा ही है। तेल की ताकत समझ चुके शक्तिशाली देश अब इसे अपनी पकड़ में लेने पर आमादा हो चुके हैं। इसने नए संघर्ष को जनम दिया है।

तेल को अक्सर काला सोना कहा जाता है क्योंकि इसकी आर्थिक महत्ता सोने से कम नहीं है। जिन देशों के पास तेल के विशाल भंडार हैं, वे वैश्विक राजनीति में प्रभावशाली भूमिका निभाते हैं। दूसरी ओर, तेल पर निर्भर देशों को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए इन उत्पादक देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। यही कारण है कि तेल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति का प्रतीक बन गया है। तेल की होड़ ने विश्व में अनेक युद्धों और संघर्षों को जन्म दिया है।

मध्य पूर्व के देशों में हुए कई युद्धों के पीछे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल का महत्व रहा है। इराक, कुवैत, लीबिया और अन्य तेल उत्पादक क्षेत्रों में हुए संघर्षों ने लाखों लोगों का जीवन प्रभावित किया। कई शक्तिशाली देशों ने अपने आर्थिक और सामरिक हितों की रक्षा के लिए इन क्षेत्रों में हस्तक्षेप किया। परिणामस्वरूप, तेल मानव कल्याण का साधन बनने के बजाय विनाश का कारण बन गया। तेल की राजनीति ने विश्व को दो हिस्सों में बाँट दिया है। पहला वर्ग उन देशों का है जिनके पास तेल के विशाल भंडार हैं और जो वैश्विक ऊर्जा बाजार को नियंत्रित करते हैं। दूसरा वर्ग उन देशों का है जो तेल आयात करने के लिए मजबूर हैं और जिनकी अर्थव्यवस्था तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होती रहती है। इस विभाजन ने वैश्विक असमानता को और गहरा किया है। तेल उत्पादक देशों की समृद्धि और तेल आयातक देशों की आर्थिक चुनौतियाँ इस असंतुलन को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। इसके अतिरिक्त, तेल के अत्यधिक उपयोग ने पर्यावरणीय संकट को भी जन्म दिया है। पेट्रोलियम उत्पादों के जलने से बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें वातावरण में फैलती हैं। इससे वैश्विक तापमान में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियरों का पिघलना और समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। आज दुनिया के सामने जो पर्यावरणीय संकट खड़ा है, उसमें जीवाश्म ईंधनों की बड़ी भूमिका है। तेल की अंधाधुंध खपत ने प्रकृति के संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। तेल की लालसा ने आर्थिक और राजनीतिक भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा दिया है। कई देशों में तेल से होने वाली अपार आय का लाभ आम जनता तक नहीं पहुँच पाता, बल्कि कुछ शक्तिशाली वर्गों तक सीमित रह जाता है। इससे सामाजिक असमानता बढ़ती है और विकास की प्रक्रिया बाधित होती है। कई बार तेल संसाधनों पर नियंत्रण को लेकर आंतरिक संघर्ष और गृहयुद्ध भी उत्पन्न हो जाते हैं। हालाँकि, वर्तमान समय में विश्व धीरे-धीरे इस वास्तविकता को समझ रहा है कि तेल पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य के लिए घातक हो सकती है। कई देश सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता उपयोग भी तेल की खपत को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि मानवता को विनाश के मार्ग से बचना है, तो उसे ऊर्जा के स्वच्छ और टिकाऊ विकल्पों को अपनाना ही होगा। निष्कर्षतः, तेल ने मानव सभ्यता को विकास के नए आयाम दिए हैं, लेकिन इसकी अंधी दौड़ ने विश्व में संघर्ष, असमानता और पर्यावरणीय संकट को भी जन्म दिया है। तेल की लालच ने देशों को आपसी प्रतिस्पर्धा और विभाजन की ओर धकेला है, जिससे विश्व दो हिस्सों में बँटता दिखाई देता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्र संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठकर ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाएँ और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दें। तभी एक सुरक्षित, संतुलित और शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## हार दिखे जब अपनी तो !

कुर्सी प्यारी होती है । चिपक जाना होता है ।।
हार दिखे जब अपनी तो ।
कुछ ड्रामा होता है ।।
कही शायद जनता ने है ।
तू अब चली जा ।।
क्यों खराब करनी नींद ?
चैन को पुकार ।।
ना जनता की सुनना भी ।
बचकाना होता है ।।
दिखे हार जब अपनी तो ।
कुछ ड्रामा होता है ।।
सुनो किसी विश्लेषक ने । कहा बहुत खूब ।।
बदला मूड जनता का पर । गया ना गुरूर ।।
दिख जाती उसकी झलक । जिसे आना होता है ।।
दिखे हार जब अपनी तो ।
कुछ ड्रामा होता है ।।



कृष्णेन्द्र राय

## सूडोकु नवताल- 7814

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7813 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# जार्ज फर्नांडिस ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के सपनों को धरातल पर उतारा



प्रो0 के0के0 त्रिपाठी

**जन्म दिवस पर विशेष**



डॉ0 राम मनोहर लोहिया ने वर्ष 1967 गैर कांग्रेसवाद की लहर को आंधी में तब्दील कर दिया था। कांग्रेस की सत्ता में भूचाल आ गया था। दक्षिण में कांग्रेस साफ हो गयी थी। लोहिया ने नारा दिया था तख्त पर कब्जा, सात बरस के राज पर कब्जा। इन नारों को लेकर समाजवादी घर-घर अलख जगाने लगे। उसी दौर में इन्दिरा गांधी को राज नारायण ने रायबरेली से हरा दिया। देश में कांग्रेस के नेताओं ने नारा दिया।

इण्डिया इज इन्दिरा, और इन्दिरा इज इण्डिया। इन्दिरा गांधी की हार ने पूरे देश में आपातकाल लगा दिया। लोकतंत्र के सभी छोटे-बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया। जार्ज फर्नांडिंस को डायनामाइट कांड में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। दुनिया में भारत के आपातकाल को लेकर निन्दा होने लगी। इन्दिरा गांधी दबाव में आकर आपातकाल खत्म कर चुनाव की घोषणा की। सभी दल एक मंच पर आकर जनता पार्टी का गठन किया और 1977 के लोकसभा में भारी जीत दर्ज की। देश के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोरारजी भाई को देश का प्रधानमंत्री बनाया गया। मंत्रिमंडल में जार्ज फर्नांडिस को संचार मंत्री बनाया। उसके कुछ समय बाद उद्योग विभाग दे दिया गया। उन्होंने आते ही उद्योग मन्त्रालय में आमूल चूल परिवर्तन करके सभी लोगों के लिए दरवाजा खोल दिया।

देश के कोने-कोने में उनके मंत्रालय की चर्चा होने लगी। विभाग में आते ही आई0बी0एम0 और कोको कोला जैसी विदेशी कम्पनियों को बन्द कर दिया और स्वदेशी कम्पनियों को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। इस फैसले से पूरे मंत्रिमंडल में तूफान आ गया, लेकिन जार्ज फर्नांडिस अपने सिद्धान्तों पर अटल रहे। उनके कार्यों की शैली देखते हुये लोग अचंभित रह जाते थे। उद्योग भवन आम और खाश दोनों के लिये खुला रहता था। इसकी चर्चा कुछ नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री तक पहुंची तो प्रधानमंत्री ने कहा जार्ज जमीनी नेता है उनकी ईमानदारी परिश्रम और संघर्ष का कोई मुकाबला नहीं है। राजनैतिक गलियारों में चर्चा होने लगी की जार्ज फर्नांडिस विपक्ष के बड़े कद्दावर नेता और मंत्री हैं। कल के प्रधानमंत्री के दावेदार हो सकते हैं।

मैं सभी पाठकों से एक घटना को साझा करना चाहता हूं राम नरेश यादव आजमगढ़ से एम0पी0 थे। बाद में वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गये थे। उस सीट पर उप चुनाव हो रहा था। जार्ज साहब प्रचार में आजमगढ़ आये थे। उसी दौर में वह गली-गली में प्रचार कर रहे थे, उसी दौरान उनको प्यास लगी थी तो वह नल से ही चुल्लू से पानी पीने लगे। उनके साथ टाइम्स ऑफ इण्डिया के वरिष्ठ पत्रकार स्व0 के0 विक्रम राव ने पूछा कि आप केन्द्रीय मंत्री है, आप किसी होटल में पानी पी सकते हैं। यहां नल से क्यों पी रहे हैं तो उन्होंने तपाक से कहा कि मैं अपनी आदत क्यों बदलूं, पहले भी नल से पानी पीता था अभी भी नल से पी रहा हूं, ये थे जार्ज जिनकी कथनी और करनी में अन्तर नहीं था। उनका मानना था कि देश में बदलाव आये तो सबके लिए समान हो, न किसी व्यक्ति के लिए विशेष हो।


जनता पार्टी सरकार के खिलाफ आये अविश्वास प्रस्ताव पर संसद में कांग्रेस की धज्जियां उड़ा दी। देश में जार्ज के भाषण को लेकर जगह-जगह चर्चा होने लगी। जार्ज साहब की निकटता मोरारजी भाई के साथ बढ़ गयी, लेकिन नियति को कुछ और मंजूर था। सरकार गिर गयी। महत्वपूर्ण यह है कि उस समय मोरारजी भाई से इतर कोई प्रधानमंत्री होता तो जनता पार्टी की सरकार चलती। जार्ज फर्नांडिंस, चन्द्रशेखर, मधुलिमये, जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मुहिम चला रहे थे। इस मुहिम को रोकने का काम कुछ बड़े नेता कर रहे थे, जिससे देश का एक दलित प्रधानमंत्री बनने से रह गया। जगजीवन राम प्रधानमंत्री होते तो सरकार पूरे पांच साल चलती और इन्दिरा गांधी की वापसी नहीं होती। राज नारायण जी चैधरी चरण सिंह के बहुत करीब रहे।

देश के प्रधानमंत्री के चुनाव हेतु जय प्रकाश नारायण और आचार्य कृपलानी को पर्यवेक्षक बनाया गया। दोनों नेताओं ने सांसदों की राय लेना शुरू किया। जगजीवन राम का पलड़ा भारी हो रहा था। यह खबर चैधरी साहब तक पहुंची। चौधरी चरण सिंह ने विरोध करते हुये कहा कि जिस व्यक्ति के रहते हुये आपातकाल लगा और देश के लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया। उसका हम घोर विरोध करते हैं। चौधरी चरण सिंह ने मोरारजी भाई के नाम पर मुहर लगा दी। इक्कीसवीं शताब्दी आते-आते सब बदल गया। जॉर्ज फर्नांडिस पांच बार केन्द्र में कैबिनेट मंत्री रहे लेकिन बेघर थे। जीवन भर संघर्ष का दौर चलता रहा। उसी दौर में बहुराष्ट्रीय कम्पनी कारगिल को नमक बनाने के लिए कच्छ में जमीन दी गयी थी। जार्ज फर्नांडिस ने कोको-कोला और पेप्सी पर रोक लगायी थी, वह वापस आ चुकी थी। उन दिनों कारगिल कम्पनी के खिलाफ बड़ा आन्दोलन हुआ था, जिससे उसे वापस जाना पड़ा। जनता में नारा लगता था कारगिल कम्पनी हारी है, अब कोका, पेप्सी की बारी है। उसी दौर में बिहार के चुनाव में मुख्यमंत्री पद के दावेदार लालू प्रसाद यादव व राम सुन्दर दास थे। जार्ज फर्नांडिंस को रामसुन्दर दास के मदद के लिए केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा भेजा गया, लेकिन विश्वनाथ प्रसाद सिंह और देवी लाल, शरद यादव आदि ने मिलकर लालू को मुख्यमंत्री बनवाने में कामयाब हो गये। बिहार की जनता में लालू यादव को 15 वर्ष तक सत्ता दी, लेकिन जनता के हाथ में ढाक के तीन पात ही आया। पूरा बिहार अराजकता और जंगलराज के परवान चढ़ गया। जार्ज फर्नांडिस समतापार्टी 1994 में गठन की।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## गजल

प्यार हो जाए बदनाम, जरूरी तो नहीं
हर किसी को मिले ईनाम, जरूरी तो नहीं
हर तरफ एक सा निजाम, कहां हो सकता है
हर जमाने का हो वही काम, जरूरी तो नहीं
बात हो दिल की, तो नाम की जरूरत क्या
हर सुखन का बने कलाम, जरूरी तो नहीं
जो दिखाई दे वही सच हो, मुमकिन तो नहीं
हर चमकतीं शय सोना हो, जरूरी तो नहीं
लोग फतवा ही लगाएं ये कहां का इन्साफ
हर अलग सोच हो हराम, जरूरी तो नहीं
दर्द की धूप में कुछ फूल भी खिल जाते हैं
हर सफर का होसुखद अंजाम, जरूरी तो नहीं
आज के अच्छे दिन कल बुरे हो सकते हैं
वक्त बदले न कोई आयाम, जरूरी तो नहीं
अपनी पहचान बना ले जमाने में 'शाहिद'
हर किसी से मिले पैगाम, जरूरी तो नहीं



डॉ शाहिदा

## आज का राशिफल

**मेष**- मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृष**- समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन**- एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्क**- 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह**- मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या**- आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**तुला**- स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। अपने काम पर नजर रखिए।

**वृश्चिक**- धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभदेगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम संपन्न हो जाएंगे।

**धनु**- कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मकर**- पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कुंभ**- शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन**- जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# सारण के सहयोग शिविर में उपमुख्यमंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं




**सारण, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले के आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निवारण के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों की दो-दो पंचायतों कुल 40 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

उन्होंने जिले की तीन विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का खुद औचक निरीक्षण किया और आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया। उपमुख्यमंत्री ने सोनपुर प्रखंड की नयागांव पंचायत, दिघवारा प्रखंड की आमी पंचायत और गड़खा प्रखंड की फेरुसा पंचायत में आयोजित शिविरों में शिरकत की।शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना चाहती है। इसी उद्देश्य से अब पंचायत स्तर पर ही सहयोग शिविरों का आयोजन हर महीने के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए स्पष्ट किया कि शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों और आवेदनों का निष्पादन एक तय समय-सीमा के भीतर करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा सभी आवेदनों के निराकरण के लिए 30 दिनों की अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस तय अवधि के भीतर समस्याओं का समाधान हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। समय-सीमा का अनुपालन नहीं करने वाले और इसमें कोताही बरतने वाले पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे इस कल्याणकारी पहल का बढ़-चढ़कर लाभ उठाएं। उन्होंने एक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि भौतिक रूप से शिविर में आवेदन देने के अलावा नागरिक अब घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के जरिए न सिर्फ शिकायत दर्ज की जा सकती है, बल्कि आवेदन की अद्यतन स्थिति की भी आसानी से निगरानी की जा सकती है।

शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आपूर्ति, ग्रामीण विकास, विद्युत और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित तमाम प्रमुख विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। नागरिकों की शिकायतों को अधिकारियों द्वारा मौके पर ही सुना गया और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया।

शिविर के दौरान पूर्व में प्राप्त और निष्पादित हो चुके आवेदनों के लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ सौंपा गया।

# सहयोग शिविर: सचिव ने स्थानीय ग्रामीणों से किया संवाद व उनकी समस्याओं को सुना



**मेहसी , 02 जून (तरुणमित्र)।** पिपराकोठी के पंडितपुर, चकिया के परशुरामपुर और मेहसी के कटहा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में जिला प्रभारी सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने शिरकत की। यहां पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा भी उपस्थित होकर आम जन से रूबरू हुए। पिपरा कोठी के पंडितपुर में आयोजित सहयोग शिविर में विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार ने भी शिरकत की और जन समस्याओं को सुना। सहयोग शिविर में सचिव द्वारा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद एवं उनकी समस्याओं को सुना गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा सहयोग शिविर में आवेदनों के प्राप्ति एवं निष्पादन हेतु लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं आवेदनों का निष्पादन कराया। सचिव ने कहा कि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों का अनावश्यक रूप से चक्कर न लगाना पड़ें तथा उनकी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर/स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ये भी है कि विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकें।

# सीवान सदर एसडीओ पर लगे आरोपों की होगी जांच, पशुपालन निदेशालय ने डीएम से मांगी रिपोर्ट

**सीवान, 02 जून (तरुणमित्र)।** श्री गोपाल कृष्ण गौशाला, सीवान और उसकी प्रबंध समिति द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सीवान सदर के खिलाफ लगाए गए कथित नियम-विरुद्ध एवं अनुचित कार्यों के आरोपों की जांच अब जिला प्रशासन करेगा। बिहार सरकार के पशुपालन निदेशालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सीवान को जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। पशुपालन निदेशक उज्वल कुमार सिंह द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि गौशाला के सचिव श्याम सुंदर अग्रवाल ने विभाग को शिकायत भेजकर एसडीओ सीवान सदर पर गौशाला एवं उसकी प्रबंध समिति के संबंध में कथित नियम-विरुद्ध और अनुचित कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। शिकायत में संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की मांग भी की गई है। निदेशालय ने शिकायत की प्रति जिलाधिकारी को भेजते हुए निर्देश दिया है कि आरोपों की जांच अपने स्तर से कराई जाए और रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। इस सरकारी पत्र के सामने आने के बाद प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। गौशाला प्रबंधन और एसडीओ कार्यालय के बीच चल रहे विवाद ने अब विभागीय जांच का रूप ले लिया है। अब सभी की निगाहें जिलाधिकारी द्वारा कराई जाने वाली जांच और उसकी रिपोर्ट पर टिकी हैं.यदि जांच में शिकायत के आरोप सही पाए जाते हैं तो मामले में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की संभावना बन सकती है। वहीं जांच रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट होगा कि गौशाला प्रबंधन और अनुमंडल प्रशासन के बीच विवाद की वास्तविक वजह क्या है।

## पुलिस ने पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिक्रमगंज /रोहतास , 02 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस ने थाना में दर्ज एक कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है ।थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 377/26 में नामजद अभियुक्त अगम सिंह,डिस्को सिंह उर्फ राजेश सिंह,राहुल कुमार,धर्मेंद्र सिंह एवं सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार सभी अभियुक्त थाना क्षेत्र के इन्द्रार्थ गांव के निवासी हैं । उन्होंने बताया कि मामले में आवश्यक पूछताछ एवं जांच-पड़ताल पूरी करने के बाद सभी अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

# 30 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित




**सुगौली, 02 जून (तरुणमित्र)।** नगर क्षेत्र स्थित टखड स्टेडियम में धनही निवासी विवेक कुमार द्वारा संचालित जुनून फिजिकल एकेडमी के तत्वावधान में बिहार पुलिस एवं भारतीय सेना में चयनित 30 विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं उपमुख्य पार्षद पति विकास शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुगौली थाना में पदस्थापित महिला पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहीं। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, युवा एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 'जुनून फिजिकल एकेडमी ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। बिहार पुलिस एवं भारतीय सेना में एक साथ 30 विद्यार्थियों का चयन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है। यह उपलब्धि युवाओं की कठिन मेहनत, उनके अभिभावकों के त्याग तथा प्रशिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवाओं को सही दिशा देने की आवश्यकता है और जुनून फिजिकल एकेडमी इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही है। एकेडमी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार कर उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। विकास शर्मा ने आगे कहा कि जब हमारे क्षेत्र के युवा वर्दी पहनकर देश और समाज की सेवा करेंगे, तब यह केवल उनके परिवार के लिए नहीं, बल्कि पूरे सुगौली और पूर्वी चंपारण के लिए गर्व का क्षण होगा।

# पूर्वी चंपारण जिला के 71 पंचायतों मे आयोजित हुआ सहयोग शिविर



**मोतिहारी , 02 जून (तरुणमित्र)।** आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय सीमा में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित सहयोग शिविर के आज दूसरे चरण में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्वी चंपारण जिला के सभी 27 प्रखंडों के कुल 71 पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण श्रवण कुमार आज चिरैया प्रखंड के हरनारायणा और ढाका प्रखंड के गवंद्री पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शिरकत किए और आमजन की समस्याओं को सुना। उनके साथ शिविर में सांसद शिवहर श्रीमती लवली आनंद, विधान पार्षद डॉ खालिद अनवर, विधायक चिरैया डॉ लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, विधायक ढाका फैसल रहमान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंजू देवी, बिहार प्रशासनिक सेवा के वरीय पदाधिकारी प्रिय रंजन राजू, उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार,निदेशक डीआरडीए डॉ कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी ढाका सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री ने बड़ी संख्या में शिविर में आए हुए नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हरनारायणा में आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री ने 22 जीविका समूह की दीदियों को बैंक सहायता ऋण के रूप में 71 लाख रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

यहां पर बिहार सरकार की प्रवासी मजदूर दुर्घटना योजना अंतर्गत एक श्रमिक के परिजन को 4.50 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। यहां पर कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से अधिकांश का निष्पादन कर दिया गया था। बचे हुए आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया। यहां पर मंत्री के द्वारा बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले में ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित कुल 1229 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 1033 आवेदनों को स्वीकृत किया गया था जिसमें से 837 आवेदनों को निष्पादित किया जा चुका है। शेष बचे 196 आवेदन को भी शीघ्र निष्पादित कर देने का निर्देश दिया गया है ।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत बचाने गया युवक गंभीर रूप से घायल

**सीवान, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के सोंधानी गोवासी टोला में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में बिजली करंट लगने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने गया एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतका की पहचान गांव निवासी संतोष कुमार की पत्नी गायित्री देवी (35) के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान कमली राय के पुत्र राजेश कुमार (22) के रूप में हुई है, जिसका इलाज भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गायित्री देवी अपने घर में थीं। इसी दौरान घर में लगी लोहे की सीढ़ी में अचानक बिजली प्रवाहित हो गई। सीढ़ी के संपर्क में आते ही वह करंट की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें बचाने के प्रयास में राजेश कुमार भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गया।घटना के बाद परिजन एवं स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को इलाज के लिए भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद गायित्री देवी को मृत घोषित कर दिया।

वहीं घायल युवक का उपचार जारी है।घटना को लेकर ग्रामीणों और परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मृतका के घर के समीप 220 वोल्ट का बिजली तार काफी नीचे लटका हुआ था, जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती थी।

## मुर्गियाचक के नेवक कुमार बने शतरंज के अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी



**पत्रकार नगर,खगड़िया, 02 जून (तरुणमित्र)।** नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत के नेतृत्व में कल देर शाम आमंत्रण विवाह भवन में शतरंज खिलाड़ी नेवक कुमार सम्मानित किए गए। मुर्गियाचक खगड़िया के संजय महतो के पुत्र नेवक कुमार (अन्डर 14) रैपिड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता मे छह रेटेड खिलाड़ीयों से खेलकर ढ़ाई अंक प्राप्त किया। तत्पश्चात विश्व शतरंज संघ ने एक जून 2026 को 1528 रेटिंग प्रदान करते हुए नेवक कुमार को अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी का दर्जा दिया। यशवंत ने आगे बताया कि नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी खगड़िया के द्वारा विगत आठ साल में 46 निशुल्क शतरंज प्रतियोगिता कराया गया जिसमे अन्डर 15 के खिलाड़ी मानव कुमार ने अधिकांश खेल मे भाग लेकर शतरंज के मारक क्षमता का विकास किया। और कुछ माह पहले मानव ने अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी का दर्जा प्राप्त किया था। मानव ने अपने जूनियर साथी नेवक कुमार को मात्र 6 माह तक शतरंज की प्रारंभिक शिक्षा दी थी। नेवक कुमार को मुख्य अतिथि भाजपा नेता निरज कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि संतोष चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष कुमार ने पुष्प माला और पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी, प्रशिक्षक, सिनियर नेशनल आर्बिटर जे के जवाहर, अभिषेक कुमार वंटी ने नेवक कुमार को बधाई व शुभकामनाएं दिया है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में नरहन्ना की टीम 6 रन से जीती

**मनेर, 02 जून (तरुणमित्र)।** मनेर प्रखंड के नरहन्ना गांव में एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच में नरहन्ना की टीम ने गोपालपुर को छह रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। इस मैच में नरहन्ना टीम के कप्तान तन्मय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान तन्मय ने तेज शुरूआत करते हुए पहले ओवर में 22 रन ठोक डाले। उसके बाद अन्य बल्लेबाज रहीस व इंद्रजीत ने छक्के ,चौके लगाकर टीम को बेहतर स्थितिके पहुँचा दिया। नरहन्ना की टीम ने सात ओवर में 100 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी गोपालपुर के सलामी बल्लेबाज साहिल और पीयूष ने तेज शुरूआत की और पहले ओवर में 21 रन ठोक डालें। उसके बाद दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए बेहतर शुरूआत दिलाई। जिसका नतीजा 5 ओवर में ही गोपालपुर की टीम ने 77 रन बना डाले। अब दो ओवर में 24 रन की जरूरत गोपालपुर की टीम को थी। ऐसी स्थिति में सूरज कुमार ने छठे ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए मात्र चार रन देकर तीन खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा।

# तीन पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं




**सुगौली, पू.च:, 02 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'साथ निश्चय 3.0' के अंतर्गत संचालित 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत मंगलवार को प्रखंड की करमवां-रघुनाथपुर, पजिअरवां एवं बगही पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखे।

विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया तथा शेष मामलों के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक बबलु गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ अपर समाहर्ता मुकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण, अंचलाधिकारी कुंदन कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। संबंधित पंचायतों के मुखिया विरजाभार साह, अशोक पासवान और मालती देवी ने भी शिविर में भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

इस अवसर पर विधायक बबलु गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना तथा पंचायत स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार चाहती है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और सभी को सम्मानपूर्वक सुविधाओं का लाभ मिले। अपर समाहर्ता मुकेश कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जाएगा।

उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

# बाढ़-सुखाड़ से निपटने को प्रशासन अलर्ट, लापरवाही पर होगी कार्रवाई




**सीवान, 02 जून (तरुणमित्र)।** संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के सचिव-सह-सीवान के प्रभारी सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि मानसून के दौरान बाढ़, जलजमाव और सुखाड़ जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

ऐसे में सभी विभागों को अभी से सतर्क रहकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आपदा प्रबंधन केवल एक विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि सभी विभागों के सामूहिक प्रयास और समन्वय से ही राहत एवं बचाव कार्य सफल हो सकते हैं। समीक्षा के दौरान बाढ़ नियंत्रण, जल संसाधन एवं जल निकासी व्यवस्था की विशेष समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को तटबंधों, नहरों और जल निकासी तंत्र की लगातार निगरानी करने तथा संभावित कमजोर स्थलों की पहचान कर समय रहते मरम्मत और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी सचिव ने कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों को संभावित सुखाड़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आकस्मिक कार्ययोजना तैयार रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए राहत एवं वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तैयारी पहले से पूरी कर ली जाए।बैठक में पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, विद्युत विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आपदा की स्थिति में शुद्ध पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी हाल में बाधित नहीं होनी चाहिए।

# लीचीपुरम उत्सव में सांस्कृतिक रंगों की बिखरी अनुपम छटा




**मेहसी (पूर्वी चंपारण), 02 जून (तरुणमित्र)।** 18वें लीचीपुरम उत्सव का आगाज सोमवार को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। मेहसी के ऐतिहासिक तिरहुत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस भव्य उत्सव का उद्घाटन मोतिहारी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह, स्थानीय विधायक श्याम बाबू यादव, समिति के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता एवं मुख्य पार्षद नीतू गुप्ता सहित लीचीपुरम उत्सव समिति पदाधिकारियों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। 18वे लीची पूरा उत्सव 2026 के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन स्थानीय विधायक, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सहित अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा किया गया ।उद्घाटन के साथ ही पूरा परिसर सांस्कृतिक उल्लास, संगीत और लोककला की रंगीन छटाओं से सराबोर हो उठा ।उद्घाटन सत्र के पश्चात शुरू हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित हजारों कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर लोकगीत, भक्ति संगीत, हास्य-व्यंग्य, नृत्य और आधुनिक प्रस्तुति का ऐसा समागम देखने को मिला जिसने देर रात तक दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहीं भोजपुरी जगत की लोकप्रिय गायिका इंदु सोनाली अपनी मधुर और दमदार आवाज से उन्होंने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपने चर्चित गीत हम तोहरा पिरितिया में दिल देके लुटा देहली... की प्रस्तुति दी, दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके बाद खाई के मगहिया पान ए राजा हमरी जान लेबा का हो..., पनिया के जहाज से पलटनिया... तथा चार दिनों की लंबी जुदाई... जैसे लोकप्रिय गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी उनके गीतों का आनंद लेते नजर आए। लोकगायक नरेश चंचल ने भक्ति रस और मेहसी की पहचान लीची पर आधारित विशेष गीतों की प्रस्तुति देकर स्थानीय संस्कृति और कृषि विरासत को मंच पर जीवंत कर दिया। उनके गीतों ने दर्शकों को अपनी मिट्टी और अपनी पहचान से जोड़ने का कार्य किया। वहीं, गुंजा गुलशन ने अपने मधुर स्वरों से कार्यक्रम में संगीत की सुनहरी छटा बिखेरी। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने खूब सराहा। युवा गायक साहिल राज द्वारा प्रस्तुत सावन के झूलों ने मुझको झुलाया... गीत ने श्रोताओं को भावनाओं के एक अलग संसार में पहुंचा दिया। कार्यक्रम का एक अन्य प्रमुख आकर्षण रहे प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कलाकार सुनील सारंग। उन्होंने अपनी चुटीली बातों, सामाजिक व्यंग्यों और हास्य प्रस्तुति से लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। उनके मंच पर आते ही वातावरण हंसी से गूंज उठा और दर्शकों ने भरपूर मनोरंजन का आनंद लिया।नृत्य प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

द वन डांस एकेडमी, चकिया के प्रतिभाशाली बच्चों ने आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं तिरहुत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेहसी के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, लोकसंस्कृति और सामाजिक संदेशों पर आधारित मनोहारी प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, सधे हुए कदम और उत्साह से भरपूर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात बढ़ती रही, लेकिन दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ। करीब साढ़े बारह बजे रात तक चलने वाले इस सांस्कृतिक महोत्सव में लोगों की भीड़ लगातार बनी रही। पूरा परिसर तालियों, संगीत और उत्साह के स्वर से गूंजता रहा। कला प्रेमियों ने इसे मेहसी के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे यादगार आयोजनों में से एक बताया। कार्यक्रम की सफलता में लीचीपुरम उत्सव समिति के महासचिव सुदिष्ट नारायण ठाकुर के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सत्यदेव राय आर्य,सुधीर कुमार सिन्हा, ई संजय कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार सिंह, भूषण कुशवाहा, शंकर कुशवाहा, कृत नारायण, शफी अहमद, अजय चौरसिया, चुलबुल ठाकुर, अशोक कुशवाहा, पप्पू यादव, उमेश शर्मा, जयंत कुमार मोनू सहित अनेक सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# सिलेंडर पहुंचा, जेब कटी! गैस वितरण के नाम पर लाखों की अतिरिक्त वसूली

## गैस एजेंसी की 22.50 रुपये अतिरिक्त वसूली : हर ट्रक से हजारों, हर महीने लाखों की कमाई

**कुशीनगर, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूली किए जाने को लेकर शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर के निर्धारित मूल्य 987.50 रुपये होने के बावजूद गैस एजेंसियों द्वारा प्रति सिलेंडर 1010 रुपये वसूल जा रहे हैं। यानी हर सिलेंडर पर 22 रुपये 50 पैसा अतिरिक्त लिया जा रहा है जब इसके पीछे के पूरा गणित पर गौर करेगें तो मामला लाखों रुपये की कथित अवैध कमाई तक पहुंच जाता है। जानकारों के मुताबिक एक ट्रक में लगभग 400 घरेलू गैस सिलेंडर आते हैं। इनमें से करीब 300 सिलेंडरों का वितरण किया जाता है। इस हिसाब से यदि प्रति सिलेंडर साढे बाइस रुपये अतिरिक्त वसूले जाएं, तो एक ट्रक से लगभग 6750 रुपये की अतिरिक्त रकम वसूल की जा रही है। इसी तरह यदि महीने में औसतन 25 ट्रक आते हैं और करीब 10 हजार के सापेक्ष 8 हजार सिलेंडरों का वितरण होता है, तो गणित के अनुसार हर महीने लगभग 1.80 लाख रुपये की अतिरिक्त



वसूली उपभोक्ताओं से की जा रही है। **छोटी रकम बडा खेल** उपभोक्ताओं का कहना है कि होम डिलीवरी, ढुलाई और मजदूरी सहित अन्य खर्च निर्धारित कीमत में शामिल होते हैं। इसके बावजूद अलग से अतिरिक्त रकम ली जाती है और इसकी कोई रसीद भी नहीं दी जाती।ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में अधिकांश लोग विवाद से बचने के लिए अतिरिक्त पैसे देने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि रसोई गैस पहले ही महंगी है, ऐसे में प्रति सिलेंडर अतिरिक्त 20-25 की वसूली गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन रही है। **सवालो के घेरे मे पूर्ति विभाग और प्रशासन** सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या संबंधित विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है। यदि जानकारी है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन, जिला पूर्ति विभाग और तेल कंपनियों से गैस वितरण व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। उपभोक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक डिलीवरी वाहन पर रेट सूची अनिवार्य रूप से चस्पा कराई जाए तथा अतिरिक्त वसूली पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस सख्त, 82 वाहनों का ई-चालान

**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में मंगलवार को यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में बस स्टैंड और कचहरी चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की गई।अभियान के दौरान सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की गई। वहीं बिना हेलमेट, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना फिटनेस के वाहन संचालित करने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालान एवं सीज की कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस ने कुल 82 वाहनों का ई-चालान किया, जबकि 2 वाहनों को सीज किया गया।

# किसान की संदिग्ध मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसौनी रघुनाथ निवासी किसान जयप्रकाश यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्राधिकारी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान जय प्रकाश यादव की संदिग्ध मौत बेहद गंभीर मामला है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि निष्क जांच नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से



आंदोलन करने को बाध्य होगी।उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने बताया कि किसान जयप्रकाश यादव सुबह खेत जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन बाद में उनका शव लक्ष्मणचक टोला भटवलिया स्थित चौरा के पास मिला। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय 18 ग्रामीणों, पीड़ित परिवार के तीन सदस्यों और सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। उन्होंने निर्दोष लोगों को राहत देने तथा वास्तविक आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, जयप्रकाश धनगर, भरत मणि त्रिपाठी, सदर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील द्विवेदी गोपाल, जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा, जिला महासचिव रत्नेश मल्ल, कुलदीप यादव, शिवशंकर सिंह, अमिताभ यादव और कमलेश मिश्रा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 33 शिल्पकारों को मिलेंगे फ्री इलेक्ट्रॉनिक चाक, आवेदन 15 जून तक

**सिद्धार्थनगर, 02 जून (तरुणमित्र)।** प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने कुम्हारों को बड़ी सौगात दी है। वर्ष 2026-27 में जनपद सिद्धार्थनगर के 33 माटीकला शिल्पकारों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक यानी इलेक्ट्रॉनिक चाक उपलब्ध कराए जाएंगे।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गंगाधर दुबे ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 18 से 55 वर्ष तक की उम्र के ऐसे कामगार/शिल्पकार आवेदन के पात्र हैं जो मिट्टी के बर्तन, खिलौने, मूर्तियां आदि बनाकर जीविकोपार्जन करते हैं। इच्छुक शिल्पकार 15 जून 2026 तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी भी 15 जून तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, विकास भवन द्वितीय तल, सिद्धार्थनगर में जमा करनी होगी। परिवार से एक ही व्यक्ति को लाभ मिलेगा। जिन्हें पहले विभाग से इलेक्ट्रॉनिक चाक मिल चुका है, वे अपात्र होंगे। आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार, जाति, निवास, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति व ग्राम प्रधान से प्रमाणित संस्तुति पत्र लगाना अनिवार्य है।

### लग्जरी कार से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, गिरफ्तार

**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सलेमपुर पुलिस ने मंगलवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से 61 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से हरियाणा निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी तथा शराब बिक्री से संबंधित नकदी भी बरामद की गई है।पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सलेमपुर पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर नदावर पुल के पास एक रेनाल्ट काइगर कार को रोका गया।तलाशी के दौरान वाहन से पांच पेटी इंपीरियल ब्ल्यू, एक पेटी रॉयल स्टैग (180 एमएल) तथा एक पेटी रॉयल स्टैग (375 एमएल) बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद शराब हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब है। इसके साथ ही शराब बिक्री के 23,050 रुपये नकद और फर्जी नंबर प्लेट संख्या बी आर 01एच ए 9875 भी बरामद की गई गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रमोद पुत्र महेंद्र निवासी पिपली थाना खरखौदा जनपद सोनीपत, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सलेमपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बरामद शराब और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, उपनिरीक्षक विवेक यादव, कांस्टेबल नितेश वर्मा, अजीत यादव और विनोद मौर्य शामिल रहे।

### धोखाधड़ी के इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**संत कबीर नगर, 02 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल राकेश कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा वांछित अभियुक्तगण नाम पता 01.सौरभ अग्रवाल उर्फ सन्नी पुत्र स्व0 चन्द्रप्रकाश अग्रवाल निवासी बी0ई0एस0/15 हरिनगर घंटा घर नई दिल्ली 110064 हाल मुकाम सी-1-सी 901 समृद्धि अपार्टमेन्ट सेक्टर 18 द्वारिका थाना सेक्टर 17 साउथ वेस्ट नई दिल्ली 02.अजीत कुमार पुत्र रामप्रकाश ठाकुर निवासी आर0जेड0 439 गली नम्बर 12 कैलाशपुरी एक्शटेन्शन पालन कालोनी थाना सागर पुर साउथ वेस्ट नई दिल्ली को 02 अदद मोबाईल के साथ मोहल्ला हरिनगर क्लाक टावर, थाना हरिनगर राज्य दिल्ली से गिरफ्तार किया गया ।

### जनहित के मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा सरकार : लल्लू

**राजापाकड़/कुशीनगर, 02 जून (तरुणमित्र)।** फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के बरवा राजापाकड़ में आयोजित कांग्रेस की जनाक्रोश सभा में नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं व पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। वक्ताओं ने दावा किया कि जनता से जुड़े बुनियादी सवालों पर सरकार अपेक्षित जवाब नहीं दे पा रही है। सोमवार शाम आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों की बदहाली तथा डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के वास्तविक मुद्दों के बजाय उनका ध्यान अन्य विषयों की ओर मोड़ने में लगी हुई है।उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, मजदूरों व आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में सरकार विफल रही है। बढ़ती महंगाई से आम परिवारों का बजट प्रभावित हुआ है, जबकि रोजगार के अवसर कम होने से युवाओं में चिंता बढ़ी है।

# डीएम की समीक्षा बैठकों में विकास कार्यों, शिक्षा और जनहित योजनाओं पर जोर

**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर विकास योजनाओं, जनहित कार्यों और शिक्षा व्यवस्था की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराई जाएं तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जल संसाधन से संबंधित विभागों की समीक्षा के दौरान डीएम ने जल निगम, सिंचाई, बाढ़ खंड और नलकूप विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों के शीघ्र पुनर्निर्माण, कटानरोधी परियोजनाओं को 15 जून से पहले पूरा करने और नहरों का पानी अंतिम छोर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही खराब पड़े राजकीय नलकूपों की मरम्मत कर किसानों को सुचारु सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। खाद्य, रसद एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध राशन वितरण करने और रिक्त उचित दर दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने फार्मर आईडी निर्माण अभियान में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। बैठक में बताया गया कि जनपद की पांच उचित दर दुकानों का आवंटन किया जा चुका है तथा शेष के लिए कार्रवाई जारी है।वहीं बेसिक शिक्षा परिषद शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में डीएम ने जनपद को शिक्षा के क्षेत्र में निपुण बनाने के लिए टीम भावना से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालयों में नियमित शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित करने, अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने तथा परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया।

शिक्षक संघ की ओर से विद्यालयों की साफ-सफाई, गैर-शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी और आधारभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं उठाई गईं, जिनके समाधान का आश्वासन जिलाधिकारी ने दिया।बैठकों में मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह, विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता, जिला पूर्ति अधिकारी, डिप्टी आरएमओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़, 02 जून (तरुणमित्र)।** सांगीपुर पुलिस ने जिले के कई थानों में गंभीर आपराधिक मुकदमों में वांछित आरोपी को तमंचे व कारतूस के साथ दबोचकर जेल भेज दिया। एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाने के दरोगा रोहित कुमार व ज्ञानेन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम ने रामगंज बाजार के समीप नवनिर्मित पानी की टंकी के पास से एक संदिग्ध को दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी थाना क्षेत्र के वीरशाहपुर निवासी प्रिंस सिंह उर्फ सत्यदेव सिंह पुत्र राम सिंह के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी प्रिंस के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा मंगलवार को ह्यमिशन शक्ति फेज-5.0 तथा शक्ति दीदी अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन नंबरों के पम्पलेट वितरित किए गए।थाना रुद्रपुर की मिशन शक्ति टीम ने जलपा माता मंदिर परिसर में महिलाओं और बच्चियों को जागरूक करते हुए सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सहायता योजनाओं की जानकारी दी। टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, आरक्षी गोरखनाथ, महिला आरक्षी कंचन यादव एवं रिक्रूट महिला आरक्षी गुंजा यादव शामिल रहीं। उन्होंने डायल-112, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेंटर-181, एंबुलेंस सेवा-108 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसी प्रकार थाना भाटपार रानी की मिशन शक्ति टीम ने बाजार एवं बैंक क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। टीम में उपनिरीक्षक जयप्रकाश पाण्डेय, आरक्षी रोशन चौधरी तथा महिला आरक्षी मीना यादव शामिल रहीं।

# बारीपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित



**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** बारीपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता नरेन्द्र मिश्र उर्फ पप्पू के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और हनुमान जी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।इस अवसर पर बारीपुर मंदिर के महंत ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। भंडारे में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। भाजपा नेता नरेन्द्र मिश्र उर्फ पप्पू ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति और स्थानीय युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बाढ़ से बचाव के लिए स्टेयरिंग कमेटी की बैठक, तैयारियों की समीक्षा

**संत कबीर नगर , 02 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में बरसात के मौसम में सम्भावित बाढ़ एवं बंधों के कटान आदि से बचाव एवं सुरक्षा के दृष्टिगत बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्य प्रकाश उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान बाढ़ अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी ड्रेनेज खण्ड ने सम्भावित बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत अब तक की तैयारियों के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ खंड से संबंधित अधिकारीगण तटबंधों का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या तत्काल उपलब्ध करा दें।



उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत बचाव कार्य में सुविधा के दृष्टिगत कम्युनिकेशन प्लान बनाया जाए जिसे तैयार करने हेतु तहसीलदार एवं डीपीआरओ को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद में बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील नदियों राप्ती एवं घाघरा के आस-पास के इलाकों में सम्भावित बाढ़ से पूर्व की गयी तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए बंधो, बाढ़ चौकियों, राहत केंद्रों एवं राहत शिविरों की स्थापना एवं अलग-अलग विभागों को उनके विभागीय जिम्मेदारियां के अनुसार लगाई गई ड्यूटी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारीगण/कर्मचारीगण अपनी ड्यूटी के अनुसार पूरी सतर्कता, तैयारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बाढ़ के दौरान राहत किट हेतु जिला पूर्ति अधिकारी एवं पशुओं हेतु भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इस संबंध में आवश्यक टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद की तहसीलो में बाढ़ क्षेत्र में पूर्व के अनुसार राहत शिविर, राहत कैम्प एवं बाढ़ चौकी हेतु स्थल का चयन किये जाने हेतु निर्देश दिया गया है। उन्होंने राहत शिविरो एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम एवं समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित किया है।

# सोशल सेक्टर योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश पात्रों तक हर हाल में पहुंचे लाभ : डीएम

**देवरिया, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल सेक्टर से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण समेत सोशल सेक्टर से जुड़े अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य पूर्ति और लाभार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तहसील स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। शिविरों के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद लाभ से वंचित न रह जाए।जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिविर के सफल आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती के निर्देश भी दिए।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह सहित समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### नाला निर्माण में अनियमितताओं का आरोप,जांच की मांग

**मिश्रित, सीतापुर , 02 जून (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य द्वारा मेला मैदान क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पालिका कार्यालय से तालाब तक लाखों रुपये की लागत से सरकारी नाले का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही इसमें अनियमितताओं और मानकों की अनदेखी के आरोप सामने आने लगे हैं । जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है । स्थानीय नागरिकों का आरोप है । कि निमार्णाधीन नाले में निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

# स्ट्रीट लाइट के नाम पर 'बंदरबांट', फर्जी बिल बनाकर लाखों के गबन का आरोप

**बांसी, सिद्धार्थनगर , 02 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले से भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। बांसी विकासखंड के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भवांरी में स्ट्रीट लाइट लगाने के नाम पर लाखों रुपए के गबन और धांधली का गंभीर आरोप लगा है।

ग्रामीणों का कहना है कि विकास के नाम पर जिम्मेदार अधिकारियों और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया गया है।स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत में बेहद घटिया और थर्ड क्वालिटी (निम्न स्तर) की स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इन सस्ती और कम टिकाऊ लाइटों के एवज में 3600 से 3700 रुपए प्रति लाइट का फर्जी बिल और वाउचर तैयार किया गया। ग्राम प्रधान और जिम्मेदारों ने मिलकर कागजों पर हेरफेर किया और इस फर्जीवाड़े के जरिए सरकारी खजाने से लाखों रुपए डकार लिए।शिकायतों के बाद भी अधिकारी मौन, कार्रवाई शून्य।इस पूरे भ्रष्टाचार के खिलाफ गांव के ही स्थानीय निवासी रितिक श्रीवास्तव ने आवाज उठाई है। रितिक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने इस धांधली के संबंध में साक्ष्यों के साथ जिले के उच्च अधिकारियों और ब्लॉक के जिम्मेदारों से कई बार लिखित शिकायत की है। लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इतनी बड़ी अनियमितता के बावजूद भी जिला प्रशासन और संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। अब तक इस मामले में कार्रवाई शून्य के बराबर है, जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।भवांरी ग्राम पंचायत के नागरिकों ने अब इस मामले में जिलाधिकारी (उ्ट) से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है।

# डीएम की अध्यक्षता में कालानमक किसान सम्मेलन आयोजित

### 'बुद्धा राइस' को वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर 5 किसानों को बांटे बीज

**बर्डपुर, सिद्धार्थनगर, 02 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को विकास खण्ड बर्डपुर के सभागार में कालानमक चावल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि सिद्धार्थनगर का कालानमक चावल 'एक जनपद एक उत्पाद' में चयनित है। बर्डपुर में सबसे अधिक व सबसे अच्छा कालानमक चावल पैदा होता है। इसे महात्मा बुद्ध के प्रसाद के रूप में जाना जाता है। थाईलैंड, सिंगापुर सहित कई देशों में इसकी भारी मांग है। उन्होंने बताया कि खेसरहा में कालानमक प्रोसेसिंग के लिए



सीएफसी स्थापित किया गया है, जिससे किसानों को जोड़कर उचित मूल्य दिलाया जाएगा। कालानमक की खेती से सामान्य धान की अपेक्षा अधिक आय होती है। डीएम ने किसानों से अपील की कि रासायनिक की जगह जैविक उर्वरक का प्रयोग करें और मिलावट न करें, ताकि गुणवत्ता बनी रहे।डीएम ने उत्पादन, विपणन, ब्रांडिंग व पैकेजिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पैकेट पर कालानमक में उपलब्ध पोषक तत्वों व लाभ को अंकित करें। कृषि विभाग गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराएगा। जिला प्रशासन किसानों की हर संभव मदद करेगा। इस मौके पर डीएम ने किसान अशरफी लाल, दिनेश चौधरी, गंगाराम, चन्द्र मोहन व सूर्यप्रकाश को कालानमक धान का बीज वितरित किया।कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना के वैज्ञानिक डॉ0 सर्वजीत एवं डॉ0 मार्कण्डेय सिंह ने बीज शोधन, नर्सरी, रोग से बचाव व पोषक तत्व प्रबन्धन की जानकारी दी। सम्मेलन में उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, बीडीओ बर्डपुर, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली का किया निरीक्षण

**गाजीपुर , 02 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने ब्लाक देवकली में कार्यशाला के उपरान्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सक/स्टाफ रजिस्टर, ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, प्रसव कक्ष, दवा वितरण केंद्र, पैथोलॉजी तथा वार्डों का निरीक्षण। निरीक्षण के उपरान्त उपस्थित चिकित्सक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता तथा उपकरणों की कार्यशीलता की भी समीक्षा की।

# स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण को लेकर प्रशासन ने बढ़ाए कदम

## डीएम ने बैंकर्स को दिए निर्देश, समूहों के लंबित ऋण प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें

**गाजीपुर , 02 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की उपस्थिति में विकास खण्ड सैदपुर एवं देवकली में स्वयं सहायता समूह सदस्यों के आजीविका संवर्धन, स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए समूह सदस्यों को इन योजनाओं से अधिकाधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यशाला में



ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग, कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, उद्योग, एवं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने समूह की महिलाओं को स्वरोजगार, डेयरी, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण, लघु उद्योग एवं अन्य आयवर्धक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न ऋण योजनाओं, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, बैंक लिंकेज, सामुदायिक निवेश निधि (ब्थ्) एवं रिवॉल्विंग फंड आदि के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समूह सदस्यों को सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि स्वयं सहायता समूहों एवं समूह सदस्यों से संबंधित ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में किसी प्रकार का अनावश्यक विलम्ब न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि समूह सदस्यों के ऋण प्रकरणों में विलम्ब अक्षम्य माना जाएगा तथा बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# अफगानिस्तान टेस्ट के लिए आकिब नबी समेत छह गेंदबाज भारतीय टीम के नेट बॉलर बने



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से मुल्लांपुर में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में चयन से चूकने वाले आकिब नबी सहित छह गेंदबाजों को नेट बॉलर के रूप में भारतीय टीम के साथ जोड़ा गया है।

भारतीय टीम की तैयारी में मदद करने के लिए जिन गेंदबाजों को नेट बॉलर के तौर पर शामिल किया गया है, उनमें आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिंस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी और शिवांग कुमार शामिल हैं।

तेज गेंदबाजों में आकिब नबी के अलावा युवा प्रतिभाशाली प्रिंस यादव और गुरजपनीत सिंह भी शामिल हैं। प्रिंस यादव ने हाल के समय में आईपीएल में अपने प्रदर्शन से पहचान बनाई है और वह अफगानिस्तान टेस्ट के बाद होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वहीं तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह को भी नेट गेंदबाज के रूप में मौका मिला है। स्पिन गेंदबाजों में सारांश जैन सबसे अनुभवी नाम हैं। मध्य प्रदेश के इस ऑफ स्पिनर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 52 मैचों में 181 विकेट हासिल किए हैं। मध्य प्रदेश के ही शिवांग कुमार, जिन्होंने अभी तक घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है, बाएं हाथ की कलाई स्पिन (लेफ्ट-आर्म रिस्ट स्पिन) के साथ भारतीय बल्लेबाजों को अभ्यास कराएंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के जीशान अंसारी लेग स्पिन के जरिए दूसरी दिशा में टर्न कराने की क्षमता रखते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि शिवांग कुमार और जीशान अंसारी दोनों के पास अपनी गेंदबाजी में प्रभावी 'गुगली' (रॉन्ग-वन) भी मौजूद है, जिससे भारतीय बल्लेबाजों को विभिन्न प्रकार की स्पिन गेंदबाजी का सामना करने का अवसर मिलेगा।

नेट बॉलर सूचीः आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिंस यादव

## इंडोनेशिया ओपन : सिंधु प्री-क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत और मालविका बाहर




**जकार्ता।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन 2026 के महिला एकल वर्ग में शानदार जीत दर्ज करते हुए अंतिम-16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) में प्रवेश कर लिया है। वहीं पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत और महिला एकल में मालविका बंसोड़ को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ कड़ी चुनौती मिली, लेकिन उन्होंने 51 मिनट तक चले मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत दर्ज की। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में संघर्षपूर्ण जीत हासिल की और फिर दूसरे गेम में उसी लय को बरकरार रखते हुए सीधे गेमों में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अब अगले दौर में उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व नंबर-1 आन से-यंग से हो सकता है। पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में सिंधु को आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक खेले गए नौ मुकाबलों में सिंधु एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। दूसरी ओर, पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत का अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। उन्हें जापान के यूशी तनाका ने 21-19, 21-15 से हराया। महिला एकल में मालविका बंसोड़ भी पहले दौर की बाधा पार नहीं कर सकीं। उन्हें सातवीं वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-12, 21-10 से पराजित किया। हालांकि पुरुष युगल में भारत को सफलता मिली।

हरिहरन अम्साकरुनन और एम. आर. अर्जुन की जोड़ी ने मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टान वी कियोंग को 21-18, 21-10 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। दिन में बाद में भारत की महिला युगल जोड़ी त्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन तथा मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी अपना अभियान शुरू करेगी।

## अर्थव्यवस्था

## मदर डेयरी 5 जून से मिट्टी में विघटित होने वाले पाउच में बेचेगी गाय का दूध



**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने मंगलवार को ऐसा पाउच लॉन्च किया है, जो मिट्टी में प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाएगा। कंपनी 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' से दिल्ली-एनसीआर में इसी पाउच में गाय का दूध बिक्री के लिए उपलब्ध कराएगी। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन मीनेश शाह ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि नई पैकेजिंग सदियों में नहीं, बल्कि कुछ वर्षों में मिट्टी में स्वाभाविक रूप से विघटित होने के लिए तैयार की गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बदलाव उपभोक्ताओं के लिए दूध की कीमतों पर बिना किसी प्रभाव के किया जा रहा है। यह पाउच मिट्टी में प्राकृतिक रूप से सड़ जाएगा। भारत के प्रमुख ताजा दूध आपूर्तिकताओं में से एक मदर डेयरी कई राज्यों में प्रतिदिन करीब 55 लाख लीटर दूध बेचती है। उन्होंने कहा कि नए पाउच में एक तरह का अनूठा विघटित होने वाला पैकेजिंग नवाचार उपयोग किया गया है, जो सामग्री को जैव-उपलब्ध मोम में बदलने में सक्षम बनाता है। यह मोम, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीवों द्वारा प्राकृतिक रूप से टूटकर प्राकृतिक तत्वों में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि मदर डेयरी का भारत के पहले प्राकृतिक रूप से नष्ट होने वाले दूध पाउच को पेश करना एक बड़ी उपलब्धि है, जो इस क्षेत्र की अग्रणी भूमिका और नए मानक स्थापित करने की क्षमता को दर्शाता है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक जयतीर्थ चारी ने कहा कि हमने ऐसा पाउच बनाने के लिए चार वर्षों से अधिक तक अनुसंधान किया, जो पर्यावरण में प्लास्टिक का कोई निशान नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि ये पाउच पुनर्चक्रण योग्य (रीसाइक्लेबल) बने रहेंगे, लेकिन इनकी विशेषता यह है कि ये प्राकृतिक तत्वों में टूट सकते हैं, जिससे 'फ्यूजिटिव प्लास्टिक' (पर्यावरण में बिखरा प्लास्टिक) की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी।

# भारतीय शेयर बाजार वैश्विक बाजार पूंजीकरण रैंकिंग में 7वें स्थान पर खिसका

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू शेयर बाजार के लिए वैश्विक मोर्चे पर झटका लगने वाली आई है। भारतीय शेयर बाजार अब वैश्विक बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) रैंकिंग में सातवें स्थान पर खिसक गया है। स्टॉक मार्केट एडवाइजरी और सेबी रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म यूनिवेस्ट के मुताबिक 2 जून तक भारतीय शेयर बाजार वैश्विक इक्विटी बाजार पूंजीकरण रैंकिंग में फिसलकर सातवें स्थान पर आ गया है।

इसकी वजह चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनियां हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के दम पर लगातार रिकॉर्ड बना रही हैं। साउथ कोरिया की कंपनियों की मार्केट कैप 86 फीसदी बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 475 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है, जबकि भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप अब घटकर 4.8 ट्रिलियन डॉलर (करीब 456 लाख करोड़ रुपये) रह गया है।

यूनिवेस्ट के आंकड़ों के अनुसार लगातार खराब प्रदर्शन के कारण निफ्टी और सेंसेक्स को इस साल अब तक 11-13 फीसदी का नुकसान हुआ है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण इसमें सुधार के कोई तत्काल संकेत नहीं दिख रहे हैं। इसकी मुख्य वजहें हैं, अमेरिका और ईरान में जारी संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों का बढ़कर 95 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचना, अकेले मई महीने में एफआईआई द्वारा 55,963 करोड़ रुपये की बिकवाली, और सामान्य से कम मॉनसून का पूवार्नुमान।

भारतीय शेयर बाजार की रैंकिंग में आई ये गिरावट इसलिए ज्यादा अहम है, क्योंकि 2024 में भारतीय स्टॉक मार्केट ग्लोबल रैंकिंग में 4वें स्थान तक पहुंच गया था। उसके बाद ग्लोबल मैक्रो-आर्थिक चुनौतियों के लगातार बढ़ते असर ने उसके कुल मार्केट कैप और उसकी सापेक्ष रैंकिंग दोनों को ही कमजोर कर दिया है।

घरेलू शेयर बाजार में गिरावट की मुख्य वजह विदेशी निवेशकों की आरे से बाजार से लगातार पैसा निकाला जा रहा है। वहीं, डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में कमजोरी ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। इसके अलावा आज दुनियाभर के निवेशक उन कंपनियों में पैसा लगा रहे हैं जो एआई इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी हैं, जबकि भारतीय शेयर बाजार में ऐसी कंपनियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत बहुत कम है। बाजार के जानकारों का मानना है कि भले ही शेयर बाजार के मूल्यांकन में दक्षिण कोरिया और ताइवान भारतीय शेयर बाजार से आगे निकल गए हों, लेकिन असली अर्थव्यवस्था के आकार में भारत अब भी इनसे कहीं ज्यादा बड़ा और मजबूत स्थित में है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के मुताबिक भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4.15 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि दक्षिण कोरिया का जीडीपी 1.93 ट्रिलियन डॉलर है। इसके अलावा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।

## थोक मूल्य सूचकांक होगा समाप्त, उत्पादक मूल्य सूचकांक अपनाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने और उत्पादक मूल्य सूचकांकों (पीपीआई) को मंजूरी दे दी है। नई श्रृखंला के आधार पर थोक महंगाई और पीपीआई का पहला आंकड़ा 15 जून को जारी किया जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को धीरे-धीरे समाप्त करेगी, जिसकी जगह पर उत्पादन, कच्चे माल और सेवाओं की कीमतों को शामिल करने वाला एक विस्तृत उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) को लागू किया जायेगा।

इसका मकसद अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के रुख का अधिक वास्तविक आकलन करना है। मंत्रालय ने कहा कि मूल्य वृद्धि संबंधी प्रावधानों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के व्यापक उपयोग को देखते हुए यह सूचकांक पीपीआई के साथ संशोधित श्रृंखला जारी होने की तारीख से 5 वर्षों तक जारी किया जाएगा, जिसके बाद इसे समाप्त कर दिया जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने बताया कि वर्तमान डब्ल्यूपीआई आधार वर्ष 2011-12 श्रृंखला मई, 2017 में पेश किया गया था। अब उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्ल्यूपीआई की संशोधित श्रृंखला को जारी करेगा, यह आधार वर्ष 2011-12 वाली मौजूदा श्रृंखला का स्थान लेगा। महतो ने कहा कि पांच साल के बाद पीपीआई द्वारा डब्ल्यूपीआई को प्रतिस्थापित किए जाने की उम्मीद है। डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलाव विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपनाई गई वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है। इसके अलावा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय 15 जून को बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन कोष प्रबंधन, रेलवे, हवाई (यात्री) और दूरसंचार के लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक (ओपीपीआई), परीक्षण कच्चा माल उत्पादक मूल्य सूचकांक (आईपीपीआई) और सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (सर्विस पीपीआई) की एक नई श्रृंखला जारी करेगा, जिसका आधार वर्ष 2022-23 होगा। डीपीआईआईटी के मुताबिक डब्ल्यूपीआई और उत्पादन पीपीआई मासिक आधार पर संकलित किए जा रहे हैं। मासिक परीक्षण कच्चा माल पीपीआई (केवल विनिर्माण क्षेत्र के लिए) मार्च से प्रायोगिक आधार पर प्रकाशित किया जाएगा। आर्थिक सलाहकार कार्यालय के उप महानिदेशक दिलीप कुमार सिन्हा ने विश्व उत्पाद सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की नई श्रृंखला (2022-23) के बारे में कहा कि वस्तुओं की कुल संख्या 697 से बढ़कर 957 हो गई है। उन्होंने बताया कि सौर और पवन ऊर्जा जैसे नए ऊर्जा स्त्रोतों को विद्युत समूह में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, परमाणु ऊर्जा को भी इस समूह में शामिल किया गया है। इसी प्रकार कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं से हटाकर ईंधन और बिजली समूह में रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि 1942 में आधार वर्ष 1939 के साथ डब्ल्यूपीआई की शुरूआत के बाद से इसमें 7 बार संशोधन हुए हैं। इनमें नए आधार वर्ष 1952-53, 1961-62, 1970-71, 1981-82, 1993-94, 2004-05 और 2011-12 शामिल किए गए हैं। वर्तमान डब्ल्यूपीआई आधार वर्ष 2011-12 श्रृंखला मई, 2017 में पेश की गई थी। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा की कीमतों में आई तेजी के चलते अप्रैल में थोक महंगाई दर 42 महीनों के उच्चतम स्तर 8.3 फीसदी पर पहुंच गई है।

## बंगाल में दुनिया का सबसे बड़ा दही उत्पादन संयंत्र स्थापित करेगा अमूल

**पश्चिम बर्दवान।** देश के प्रमुख डेयरी ब्रांड अमूल ने पश्चिम बंगाल में 600 करोड़ रुपये के निवेश से दुनिया का सबसे बड़ा दही उत्पादन संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह अत्याधुनिक डेयरी परियोजना हावड़ा जिले के संकरेल फूड पार्क में स्थापित की जाएगी।

संयंत्र में प्रतिदिन 10 लाख किलोग्राम दही, लस्सी और छाछ का उत्पादन किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अमूल ब्रांड के निर्माण से जुड़ा कायर डिस्टिक कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनिय दो चरणों में विकसित करेगा। परियोजना की घोषणा बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट 2025 के दौरान की गई थी। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने बताया कि यह केवल दही उत्पादन इकाई नहीं होगी, बल्कि एक एकीकृत डेयरी परिसर के रूप में विकसित की जाएगी।

संयंत्र में प्रतिदिन 15 लाख लीटर दूध प्रसंस्करण की क्षमता होगी। यहां दही के अलावा आइसक्रीम, पनीर, घी, फ्लेवर्ड मिल्क और यूएचटी दूध का भी उत्पादन किया जाएगा। इससे राज्य के डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। अमूल पहले से ही पश्चिम बंगाल में ताजा दूध के सबसे बड़े ब्रांडों में शामिल है और प्रतिदिन 10 लाख लीटर से अधिक दूध की बिक्री करता है। कंपनी ने राज्य के 14 जिलों में दूध संग्रहण नेटवर्क स्थापित किया है, जिससे 1.2 लाख से अधिक महिला दुग्ध उत्पादक जुड़ी हुई हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल का डेयरी बाजार वर्ष 2024 में लगभग 89 हजार करोड़ रुपये का था और वर्ष 2033 तक इसमें 12 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की संभावना है।

अमूल का मानना है कि बंगाल में टोक दोई (खट्टा दही) और मिष्टी दोई (मीठा दही) की बढ़ती मांग को देखते हुए इस क्षेत्र में विस्तार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# शुरूआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार ने दिखाई मजबूती

### सेंसेक्स निचले स्तर से 1,047 अंक उछला, निफ्टी ने भी निचले स्तर से लगाई 327 अंक की छलांग- बाजार की मजबूती से निवेशकों ने एक दिन में की 3.29 लाख करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।** स्टॉक मार्केट में निचले स्तर से हुई वैल्यू बाइंग, आईटी सेक्टर की जोरदार तेजी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरूआती कमजोरी के बावजूद शानदार मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होने लगा।

खासकर, दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिससे इन दोनों सूचकांकों की चाल में और भी अधिक तेजी आ गई। सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 1,045 अंक से भी अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी दिन के निचले स्तर से 325 अंक से अधिक की छलांग लगाने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही।

इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 463.01 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.72 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.29 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,377 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,301 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,904 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 172 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,973 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,797 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,176 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 322.14 अंक की कमजोरी के साथ 73,945.20 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी देर में ही यह सूचकांक 452.22 अंक की कमजोरी के साथ 73,815.12 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। दिन के दूसरे सत्र की शुरूआत से ही खरीदारों ने आक्रामक अंदाज में लिवाली शुरू कर दी, जिससे यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 1,047.47 अंक उछल कर 594.85 अंक की बढ़त के साथ 74,862.19 अंक के स्तर पर आ गया। अंत में मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स दिन के ऊपरी स्तर से 212.35 अंक फिसल कर 382.50 अंक की तेजी के साथ 74,649.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 153.45 अंक टूट कर 23,229.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।



बाजार खुलते ही इस सूचकांक को खरीदारों का सहारा मिल गया, जिससे इसकी चाल में सुधार होने लगा। दोपहर 12 बजे के बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से निफ्टी लाल निशान से उबर कर हरे निशान में पहुंचने में सफल हुआ। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक दिन के निचले स्तर से 327.80 अंक उछल कर 174.35 अंक की तेजी के साथ 23,556.95 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली की वजह से निफ्टी दिन के ऊपरी स्तर से 73.40 अंक लुढ़क कर 100.95 अंक की मजबूती के साथ 23,483.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टीसीएस 6.51 प्रतिशत, इंफोसिस 5.68 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 4.05 प्रतिशत, अदानी एंटरप्राइजेज 2.02 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

दूसरी ओर, एनटीपीसी 2.98 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.94 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 1.40 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज 1.27 प्रतिशत और एचडीएफसी लाइफ 1.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।